* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 108


1.36 लाख करोड़ रुपये नहीं मिला, तो कोयला खदानों को बंद करेंगे : हेमंत सोरेन






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 78,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 99,000 रु./प्रति किलो |



# राहुल-खड़गे के हलके बयानों से कांग्रेस की हो रही फजीहत

## ■ महाकुंभ सिर्फ योगी और मोदी का तो नहीं, कांग्रेस नेता क्यों नहीं कर रहे सहयोग

## ■ महाकुंभ देश का पर्व है, इसे राजनीतिक दलों को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी लेनी होगी

## ■ आंकड़ा तो ऐसे बता रहे हैं, जैसे कोई पहाड़ा, फिर वर्ष 1954 पर खामोशी क्यों छा जाती है

**देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के दो शीर्ष नेता एक बार फिर विवादों में हैं। यह विवाद संसद में उनके द्वारा दिये गये गैर-जिम्मेदाराना बयान से पैदा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कह दिया कि महाकुंभ में मची भगदड़ में हजारों लोग मारे गये हैं। उधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कूटनीति, विदेश नीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर अपुष्ट और निराधार बयान देकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। कांग्रेस के ये दो जिम्मेदार नेता किस तरह गैर-जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गये हैं, यह इस बार पूरी तरह साबित हो गया है। लोकसभा में राहुल गांधी ने कह दिया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाये। इस पर हैरानी नहीं कि न केवल लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जतायी, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कह कर भारत की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन वह विदेश में देश को नुकसान पहुंचाने वाला है। इसमें संदेह है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर पड़ेगा और वह मिथ्या बातें करने से बचेंगे। संदेह का कारण यह है कि वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्राय: ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं। उधर खड़गे ने महाकुंभ हादसे पर बयान देते समय यह याद नहीं रखा कि पंडित नेहरू के समय में कुंभ में मची भगदड़ में एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। यह पहली बार नहीं है, जब कांग्रेस नेताओं ने अपने बेतुके और गैर-जिम्मेदाराना बयान देकर अपनी ही नहीं, पूरी पार्टी की किरकिरी करायी है। चाहे राहुल गांधी हों, मल्लिकार्जुन खड़गे हों, सैम पित्रोदा हों या फिर कोई सामान्य कांग्रेस नेता, बेतुका बयान देकर कभी न कभी विवादों में फंसे जरूर हैं और इससे कांग्रेस का ही नुकसान हुआ है। क्या है राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के ताजा बयानों से पैदा हुआ विवाद और कैसे इससे कांग्रेस को नुकसान हुआ है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

देश में राजनीति की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश कर रहे कांग्रेस के नेता अक्सर ऐसे बयान दे जाते हैं, जो विवाद की वजह बन जाते हैं। कई बार इनकी टिप्पणियां कांग्रेस को काफी नुकसान पहुंचाती रही हैं। इस बार पार्टी के दो शीर्ष नेताओं, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में ऐसे बयान दे दिये हैं, जिस पर सफाई देते नहीं बन रहा।

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने क्या कहा

संसद के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कह दिया कि महाकुंभ में भगदड़ के कारण हजारों लोगों की मौत हो गयी है और सरकार इस आंकड़े को छिपा रही है। इस पर हंगामा मचा, तो उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों का आंकड़ा बताये, तो वह माफी मांग लेंगे। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह के महाकुंभ में स्नान करने की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुईं, तो कांग्रेस अध्यक्ष उन पर निशाना साधते-साधते ऐसी बात कह गये, जिसके लिए वे खुद घिर गये और बाद में उन्हें माफी भी मांगनी पड़ी। खड़गे ने कटाक्ष किया कि भाजपा के नेताओं में कैमरे के सामने डुबकी लगाने की होड़ मची है। भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते रहते हैं, जब तक कि यह कैमरे पर अच्छा न लगे। क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी समाप्त हो जायेगी? क्या इससे आपका पेट भर जाता है? हालांकि थोड़ी देर बाद जब उन्हें लगा कि गलत बोल गये हैं, तो खुद माफी भी मांग ली।

### महाकुंभ से कांग्रेस नेताओं को तकलीफ क्यों

यहां बड़ा सवाल है कि कांग्रेस के नेताओं को महाकुंभ से इतना कष्ट क्यों है। वे बार-बार इस आयोजन की सार्थकता पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन यही कांग्रेसी किसी राहत और बचाव अभियान में हिस्सा नहीं लेते। आज तक कांग्रेस का कोई भी नेता किसी पीड़ित के घर नहीं गया। कांग्रेस नेताओं के हिसाब से तो महाकुंभ केवल भाजपा या योगी आदित्यनाथ का आयोजन है। ऐसी ओछी मानसिकता से केवल नेताओं का ही नहीं, पार्टी का भी नुकसान होता है।





### कांग्रेसी भूल जाते हैं 1954 का हादसा

महाकुंभ की व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेसी 1954 का हादसा भूल जाते हैं। बता दें कि 3 फरवरी, 1954 सुबह करीब आठ बजे के आसपास का वक्त रहा होगा, जब प्रयागराज में लगे कुंभ मेले में मौनी अमावस्या के लिए लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। अचानक कुछ अफवाहें पैदा हुईं, जिससे स्नान पर्व पर भगदड़ मच गयी। 45 मिनट तक चले मौत के तांडव में एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। उस कुंभ में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी आये थे। बताया जाता है कि 2 और 3 फरवरी की दरमियानी रात को गंगा में अचानक बहुत पानी बढ़ गया। संगम किनारे साधु-संतों के आश्रम में पानी पहुंचने लगा। इस घटना से लोग घबरा गये। इससे अफरा-तफरी में भगदड़ मच गयी। 1954 के कुंभ में पंडित जवाहरलाल नेहरू भी शामिल हुए थे। अमावस्या के एक दिन पहले नेहरू आये थे और उन्होंने संगम में स्नान भी किया था, लेकिन उसी दिन वह तैयारियों से संतुष्ट होकर वापस लौट गये थे। हादसे के बाद नेहरू ने न्यायमूर्ति कमलाकांत वर्मा की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनायी। हादसे के बाद नेहरू ने नेताओं और अति विशिष्ट लोगों से स्नान पर्वों पर कुंभ न जाने की अपील की थी। उस घटना के बाद से अरसे तक कुंभ में भगदड़ नहीं मची थी। भगदड़ यानी मौत का यह तांडव करीब 45 मिनट तक चलता रहा। इसके कुछ ही समय बाद भीड़ खुद ही नियंत्रित हो गयी। विभिन्न स्रोतों के अनुसार त्रासदी के आंकड़े अलग-अलग थे।

### क्या कहा राहुल गांधी ने

खड़गे के बयान पर विवाद अभी थमा भी नहीं था कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू करते हुए कई बार बेतुके बयान दिये। राहुल गांधी ने अपने भाषण में कई ऐसी बातें कहीं, जिनका कोई आधार नहीं है। भाषण के दौरान राहुल गांधी को टोकते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप जो बात बोल रहे हैं, उनको सत्यापित कीजिए। राहुल ने कहा कि विदेश विदेश मंत्री एस जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाये। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने आपत्ति जतायी और विदेश मंत्री जयशंकर ने इसे भारत की छवि खराब करने वाला काम बताया। इसके बाद राहुल गांधी ने चीन द्वारा भारतीय इलाके में कब्जा करने का आरोप लगाया, जिस पर खूब विवाद हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल के बयान को झूठा और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है। भाजपा ने राहुल गांधी के भाषण के ऐसे छह मुद्दे गिनाये हैं, जो तथ्यात्मक तौर पर सही नहीं हैं। पार्टी ने कहा कि चार बार सांसद रहे राहुल गांधी देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी को झूठ बोलने की आदत है।

---

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांग्रेस नेताओं ने की मुलाकात

# जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान राज्य के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान झारखंड में संचालित विकास और जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा की गयी।

कांग्रेस नेताओं ने सीएम हेमंत सोरेन से राज्य की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार साझा किये। सीएम से मुलाकात करने वालों में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव शामिल थे।



# सीएम हेमंत से मिले डीजीपी अनुराग गुप्ता



**रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार और पुलिस महानिरीक्षक सीआइडी असीम विक्रांत मिंज ने शिष्टाचार भेंट की। जानकारी के अनुसार, सीएम ने पुलिस अधिकारियों से राज्य की विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली।**

# रांची में सोनिया और राहुल के खिलाफ थाने में शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी का विवाद बढ़ता जा रहा है। इस मामले में अब रांची की रहने वाली अंजली लकड़ा ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति थाने में सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। अंजली लकड़ा ने अपने आवेदन में कहा है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने 31 जनवरी 2025 को संसद में बजट सत्र के अभिभाषण के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा 'बोरिंग' कहकर और सोनिया गांधी द्वारा 'पूअर लेडी', 'असहाय', 'लाचार', 'गरीब महिला' और 'थकी हुई' कहकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। अंजली लकड़ा ने आग्रह किया है कि इस मामले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जाये। यह मामला अब पुलिस के पास है और आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## प्राकृतिक आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था बनायें : मुख्य सचिव

# प्रशिक्षित मछुआरों की गोताखोर के रूप में की जायेगी तैनाती, 10 हजार मानदेय भी

**आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में प्राकृतिक कारणों से होने वाली क्षति से निपटने के लिए आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। उन्होंने कहा है कि ससमय राहत और बचाव कार्य से हम प्राकृतिक आपदा की क्षति को न्यूनतम कर सकते हैं। वह मंगलवार को आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में तय हुआ कि राज्य के चिह्नित जलाशयों पर बचाव उपकरणों से लैश गोताखोर की तैनाती की जायेगी। इसके लिए पंजीकृत पेशेवर मछुआरों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

चयनित गोताखोरों को 10 हजार रुपये मानदेय भी दिया जायेगा। वहीं राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा, मसलन अतिवृष्टि से होनेवाली जान-माल की क्षति, सर्पदंश, खनन जनित आपदा, वज्रपात, रेडिएशन संबंधी आपदा, पानी में डूबने, भगदड़ एवं गैस रिसाव तथा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान भुगतान के लिए 10 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी गयी। इससे किसी भी आपदा के बाद जिले द्वारा राशि की मांग और उसकी स्वीकृति में लगने वाले समय से बचा जा सकता है। संबंधित जिले के उपायुक्त इस राशि का परिस्थिति के अनुसार तत्काल उपयोग कर सकेंगे। वहीं बैठक में राज्य में आंधी-तूफान और ग्रीष्म लहर (लू) से संभावित जानमाल की क्षति को देखते हुए राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत आपदा घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। दूसरी ओर राज्य के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की संकीर्ण गलियों में निर्मित मकानों-भवनों में आगजनी की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 39 अग्निशामालयों के लिए अग्निशमन वाहन ( मिनी वाटर टेंडर विथ मिस्ट टेक्नोलॉजी) खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग वज्रपात और डूबने से होने वाली मौतों के हॉटस्पॉट को झारखंड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के सहयोग से चिह्नित करेगा। उसके बाद चिह्नित स्थानों, इलाके में इस संकट से निपटने की रणनीति बनायी जायेगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, होमगार्ड एवं अग्निशमन के डीजी अनिल पालटा, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, आपदा प्रबंधन सचिव राजेश शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# उषा मार्टिन पर 44.38 करोड़ का जुर्माना

**कंपनी ने आदेश के खिलाफ अपील करने का मन बनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उषा मार्टिन लिमिटेड पर सीजीएसटी अधिनियम 2017 के प्रासंगिक प्रावधानों के साथ आइजीएसटी अधिनियम, 2017 और जीएसटी (राज्यों को मुआवजा अधिनियम), 2017 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत 44 करोड़ 38 लाख 72 हजार 605 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी कंपनी की एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार दी गयी है। सीजीएसटी और सीइएक्स के अतिरिक्त आयुक्त, रांची ने जुलाई 2017 से 31 मार्च, 2022 की अवधि से संबंधित गलत लाभ/ अधिक उपयोग/ अस्वीकार्य इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा, जीएसटी का भुगतान न करना/कम भुगतान के आरोप पर यह जुर्माना लगाया है।

कंपनी द्वारा अब उचित प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने की संभावना है। उषा मार्टिन ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कंपनी इस तरह का जुर्माना लगाये जाने पर कड़ी आपत्ति जताती है और निर्धारित समय के भीतर उचित अपीलीय प्राधिकारियों के समक्ष उक्त आदेश का विरोध करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की प्रक्रिया में है। यह खुलासा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अंतर्गत किया गया था।

www.epaper.azadsipahi.in


05 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 108




### धनबाद में झामुमो के स्थापना दिवस पर गरजे मुख्यमंत्री

# 1.36 लाख करोड़ रुपये नहीं मिला, तो कोयला खदानों को बंद करेंगे : हेमंत


- बेईमानों को राज्य की सत्ता से बेदखल करके दिखा दिया है
- अधिकार नहीं मिला, तो छीन कर लेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो हमेशा से राज्य का सिपाही बन कर रहा। इसलिए बेइमानों को राज्य की सत्ता से बेदखल करने का संकल्प झामुमो ने लिया और 2019 में डबल इंजन की सरकार को सत्ता से बेदखल करके दिखा दिया। केंद्र सरकार के ऊपर 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाया पर हेमंत ने कहा कि अधिकार नहीं मिला, तो छीन कर लेंगे। चिट्ठी-पत्री से शुरुआत की है। जरूरत पड़ी तो कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। और तो और कोयला खदानों को भी बंद करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को धनबाद में 53वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने संथाली भाषा में अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और राज्य सरकार द्वारा विकास कार्यों और महिला सशक्तिकरण के लिए उठाये गये कदम का जिक्र किया।

**कोरोना काल की चुनौतियों को किया याद :** मुख्यमंत्री ने मंच से दिवंगत मंत्रियों जगरनाथ महतो और हाजी हुसैन अंसारी को याद करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान राज्य की जनता को बचाने में उनकी सरकार ने कड़ी मेहनत की। इस दौरान उनके दो मंत्री शहीद हो गये।



## वह काला दिन, काली रात थी : कल्पना सोरेन

गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने इडी को आड़े हाथों लेते हुए हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी की चर्चा की। उन्होंने गिरफ्तारी के दिन को याद करते हुए कहा कि वह काला दिन, वह काली रात थी, जिस दिन हेमंत सोरेन को इडी वालों ने केंद्र के इशारे पर जेल में डाल दिया था। केंद्र में बैठे सत्ताधारि सरकार हेमंत सरकार को काम को देख नहीं पायी। झारखंड का बेटा, झारखंड के भाई को जेल भेजने का काम किया। जिस समय लोग घरों में घुस गये थे। घर से निकलने से डर रहे थे, उस समय हेमंत सरकार के सभी डॉक्टर, सुरक्षा कर्मी, प्रशासन ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए हेमंत सोरेन के साथ कदम से कदम मिला कर लोगों की रक्षा की, इसके लिए उन सभी को बार-बार धन्यवाद।

**झारखंड को उसका अधिकार मिलना चाहिए :** मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड का 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्र पर बकाया है। आजादी के बाद से झारखंड को उसका हक नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां के सांसद झारखंड के अधिकारों की मांग नहीं करते। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र से बकाया राशि नहीं मिली, तो ठोस कदम उठाया जायेगा।


**अमीरों के लिए बना है बजट**
सीएम सोरेन ने केंद्र सरकार के बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बजट अमीरों के लिए बना है, गरीबों के लिए इसमें कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की जनता को जुमले और नये शब्दों के जरिए गुमराह किया जा रहा है।

**राज्य के विकास की चर्चा की:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड तभी मजबूत होगा, जब गांव मजबूत होगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला अधिकारियों को गांव तक भेजा गया और लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। हेमंत ने मंईयां सम्मान योजना की तारीफ करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की इस योजना की चर्चा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी अब झारखंड की योजनाओं की नकल कर रही है, जबकि पहले वे इसे रेवड़ी बता रहे थे।

**भारी संख्या में जुटे कार्यकर्ता:** स्थापना दिवस कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। बंपर बहुमत के साथ राज्य की सत्ता बरकरार रखने में सफल झामुमो के कार्यकर्ता पूरे जोश में दिखे। बताते चलें कि शिबू सोरेन, विनोद बिहारी महतो और एके राय की तिकड़ी ने 4 फरवरी 1972 को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में पार्टी की स्थापना की थी। इसके बाद से धनबाद के गोल्फ मैदान में झामुमो हर वर्ष 4 फरवरी को स्थापना दिवस समारोह मनाता रहा है। समारोह में धनबाद, बोकारो और गिरिडीह से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और विधायक के अलावा कई मंत्री, विधायक और सांसद भी शामिल हुए।

# विकसित भारत का सपना कोई सरकारी नहीं : मोदी

- प्रधानमंत्री ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दिया जवाब
- राहुल और केजरीवाल पर साधा निशाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बजट सत्र के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का 25 फीसदी हिस्सा बीत चुका है। राष्ट्रपति ने देश के सामने भविष्य के 25 साल की बात रखी। एक प्रकार से राष्ट्रपति जी का ये उद्बोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला है। नया विश्वास पैदा करने वाला है। जन-सामान्य को प्रेरित करने वाला है। मोदी ने अपने भाषण के दौरान बगैर नाम लिये राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। साथ ही सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों का जिक्र किया।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए देश आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का सपना कोई सरकारी सपना नहीं होता है। उस सपने को पूरी ताकत देने की जरूरत है। भारत के पास डिमांड, डेमोग्राफी, डिमोक्रेसी है। हम क्यों नहीं कर सकते हैं। 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मनायेगा, तब हम इसे हासिल करके रहेंगे। ये तो हमारा तीसरा ही टर्म है। हम देश की आवश्यकता के अनुसार आधुनिक भारत बनाने के लिए सक्षम भारत के लिए विकसित भारत बनाने के लिए हम आने वाले अनेक वर्षों के लिए जुटे रहेंगे। मैं सभी दलों, सभी नेताओं से आग्रह करता हूं, देशवासियों से आग्रह करता हूं, अपनी-अपनी राजनीतिक विचारधारा होंगी। कार्यक्रम होंगे लेकिन देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है। हम सबके लिए देश सर्वोपरि है और हम मिल कर विकसित भारत के सपने को पूरे करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। हम लोगों ने पांच-पांच दशक तक गरीबी हटाओ के नारे सुने। हमने गरीब को झूठे नारे नहीं दिये, सच्चा विकास दिया। हम जमीन से जुड़ कर काम करते हैं, तो बदलाव होते ही हैं। अब तक गरीबों को चार करोड़ घर मिले हैं, जिन लोगों ने वो जिंदगी जी है वो जानते हैं कि पक्की छत मिलने का क्या मतलब होता है। आजादी के 75 साल के बाद देश में 16 करोड़ से ज्यादा घरों में नल का कनेक्शन नहीं था। हमारी सरकार ने 5 साल में 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल-से-जल देने का काम किया है।

**पीएम के निशाने पर आये राहुल-केजरीवाल :** मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिये बिना निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग गरीबों की झोंपड़ियों में फोटो सेशन करा कर सुर्खियां बटोरते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। उन्होंने कहा कि समस्या की पहचान करके छूट नहीं सकते, समस्या का समाधान भी करना होता है।

## कबाड़ बेच कर दो हजार 300 करोड़ खजाने में आया

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया जाता था, न जाने क्या-क्या कहा जाता था। इस अभियान के तहत कबाड़ बेच कर दो हजार 300 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया है। पहले अखबारों की हेडिंग होती थी, इतने लाख के घोटाले। 10 साल हो गये, ये घोटाले न होने से भी लाखों करोड़ रुपये बचे हैं। जो जनता की सेवा में लगे।

## 12.75 लाख रुपये तक कोई इनकम टैक्स नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले ऐसे बम गोले फेंके गये, बंदूक की ऐसी गोलियां चलायी गयीं कि देशवासियों का जीवन छलनी कर दिया गया। हम धीरे-धीरे उन घावों को भरते-भरते आगे बढ़े। वर्ष 2013-14 में 2 लाख रुपये पर इनकम टैक्स माफी थी। आज 12 लाख रुपये संपूर्ण रूप से इनकम टैक्स से मुक्त। हम बीचे के काल खंड में भी लगातार ये करते आये। अब स्टैंडर्ड डिडक्शन उसके अगर 75 हजार जोड़ दें तो पहली अप्रैल के बाद देश में सैलरीड क्लास है उनके पौने 13 लाख रुपये तक कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा।

इस दौरान पीएम मोदी ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों का फोकस आलीशान घरों में जकूजी और शॉवर पर है। कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है। हमारा फोकस तो हर घर नल से जल पहुंचाने पर है। 12 करोड़ लोगों को नल से जल दिया, हमारा फोकस गरीबों के घर बनाने पर है।

## न्यूज रील्स

### दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर मतदान आज

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को एक चरण में मतदान होगा। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं 5 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर आमने-सामने हैं। वहीं, सीपीआइ ने 6, सीपीआइ-एम और सीपीआइ-एमएल ने दो-दो सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने 68 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जदयू और लोजपा (रामविलास) की पार्टी है। महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी 70 और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

# मांगी मुकदमा चलाने की अनुमति गृह विभाग ने लौटायी फाइल

- मांडू बीडीओ का फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपये निकालने का है अरोपी
- मांडू में दर्ज है एफआइआर, पुलिस कर रही है जांच

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मांडू के बीडीओ का फर्जी हस्ताक्षर कर 9.15 लाख रुपये की निकासी करने और 5.93 लाख रुपये की दूसरी बार असफल निकासी के प्रयास में पकड़े गये दो प्रखंड कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा चलाने की अनुमति फिलहाल गृह विभाग ने नहीं दी है। रामगढ़ के उपायुक्त ने अभियोजन की अनुमति मांगी थी। अधूरा दस्तावेज और सटीक जानकारी फाइल पर नहीं होने के कारण यह निर्णय गृह विभाग ने लिया। इस मामले में प्रखंड कर्मी भुनेश्वर महतो उर्फ लुरकु महतो और नाजीर मनजीत कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। मनजीत सरकारी कर्मी है, जबकि भुनेश्वर अनुबंधकर्मी है। इन दोनों के खिलाफ मांडू थाना में कांड संख्या 228/2024 दर्ज है।

30 जनवरी को गृह विभाग की ओर से रामगढ़ के उपायुक्त को इस पूरे मामले पर एक पत्र भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि जो नियुक्ति अधिकारी होते हैं, वह अभियोजन चलाने के लिए अनुमति देने में सक्षम हैं। लेकिन शर्त यह है कि सुस्पष्ट परिलक्षित होना चाहिए कि सक्षम प्राधिकार सभी दस्तावेजों से अवगत है। केस के आइओ रंजीत कुमार यादव ने उपायुक्त को अनुसंधान की जानाकरी दे कर अभियोजन की स्वीकृति मांगी थी। आइओ ने लिखा है कि नाजीर मंजीत कुमार को 24.9.2024 को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति इसलिए जरूरी है क्योंकि वह सरकारी कर्मी है। इसी के बाद उपायुक्त ने पूरी फाइल गृह विभाग को भेजी थी।


# छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल समेत नौ के खिलाफ आरोप गठित

- जमीन फर्जीवाड़ा में इडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** सिविल कोर्ट रांची के पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त करने के आरोप में शामिल रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। अनुसार इनमें से एक आरोपी कोर्ट नहीं पहुंचा, जिसके कारण उस पर आरोप तय नहीं हो सका है।

मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, व्यवसायी अमित कुमार अग्रवाल, सत्ता के दलाल प्रेम प्रकाश, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, दिलीप घोष, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम पर आरोप गठित किया गया है। पिछले दिनों मामले के आरोपियों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन की सुनवाई के बाद एक-एक करके खारिज कर दी गयी थीं। इस आरोप गठन पर सुनवाई के दौरान आरोपियों ने अपने आपको निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि आगे वे मामले में ट्रायल फेस करेंगे। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की प्रक्रिया पूरी की। जानकारी हो कि छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में भी आरोपी हैं, इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में हैं। चेशायर होम मामले में भी वह जेल में हैं। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गयी है, लेकिन दूसरे मामले में जेल में रहने के कारण बेल नहीं हो पायी है।




# योगी और भूटान नरेश ने संगम में डुबकी लगायी

- गंगा पूजन के बाद किया अक्षयवट का दर्शन
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आयेंगे प्रयागराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को संगम में डुबकी लगायी है। गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद अक्षयवट धाम और लेटे हनुमान में दर्शन-पूजन किया। योगी और भूटान नरेश के साथ लखनऊ से विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से महाकुंभ आये। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गये और स्नान किया। इस दौरान भूटान नरेश ने योगी के साथ पक्षियों को दाना खिलाया और फोटो भी खिंचवायी।

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर लिया जायजा :** योगी के दौरे को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया था, जिसे शाम 4 बजे के बाद खोला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को कुंभ में आने का कार्यक्रम है। इसे देखते हुए योगी ने हेलीपैड से लेकर अरैल घाट और संगम नोज तक की व्यवस्था का जायजा लिया।

**37 करोड़ से अधिक ने लगायी डुबकी :** महाकुंभ का मंगलवार को 23वां दिन था। सरकार के मुताबिक, अब तक 37.54 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। मंगलवार को लगभग एक करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी। इससे पहले वसंत पंचमी पर 2.33 करोड़ लोगों ने स्नान किया था। इधर, 29 जनवरी को हुई भगदड़ से संबंधित अफवाह फैलाने के आरोप में प्रयागराज पुलिस ने आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। इन्होंने अपने अकाउंट और इंस्टाग्राम आइडी से वीडियो-फोटो अपलोड किये थे।

# बजट के लिए वैकल्पिक प्रस्तावों को लेकर वामदलों का देशव्यापी जन अभियान 14 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** बजट के लिए वैकल्पिक प्रस्तावों को लेकर वामदल 14 से 20 फरवरी तक एक सप्ताह का व्यापक जन अभियान चलायेंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि मंगलवार को नयी दिल्ली में सीपीएम, सीपीआइ, सीपीआइएल, आरएसपी और फारवर्ड ब्लॉक की संयुक्त बैठक में मोदी सरकार के जनविरोधी बजट के खिलाफ वैकल्पिक बजट को लेकर जनता के बीच जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 लोगों की तात्कालिक और बुनियादी आवश्यकताओं के साथ विश्वासघात है।

लोगों के हाथों में क्रय शक्ति की कमी, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और घटती मजदूरी के कारण अर्थव्यवस्था में मांग की समस्या को दूर करने के बजाय मोदी सरकार ने खर्चों में कटौती के बावजूद अमीरों को रियायतें देकर अर्थव्यवस्था को चौपट करने की कोशिश की है। बजट निजी निवेश को बढ़ावा देकर, सार्वजनिक संपत्तियों को निजी क्षेत्र की सेवा में लगाकर तथा बिजली क्षेत्र के निजीकरण आदि के माध्यम से धन के अधिक संचय को बढ़ावा देता है। वामपंथी दल बजट में सभी जनविरोधी प्रस्तावों को खारिज करते हुए मांग करता कि बजट को वैकल्पिक प्रस्तावों से बदला जाये जो लोगों की क्रय शक्ति बढ़ा कर मांग पैदा करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और मजदूरी बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। विभिन्न प्रस्तावों के समर्थन में लोगों को संगठित करने के लिए वामदलों के द्वारा एक सप्ताह तक व्यापक जन अभियान चलाया जाएगा और घर-घर जाकर, नुक्कड़ सभाओं, प्रदर्शनों और रैलियों के माध्यम से अधिकतम लोगों के बीच संदेश पहुंचाया जायेगा।

## परियोजना प्रमुख और विभागीय प्रमुखों ने मीडिया संवाद में दी जानकारी

# कोयला खनन परियोजना सीकरी साइट ने हासिल की कई उपलब्धियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव ।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा मंगलवार को सीकरी साइट स्थित अपने कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें परियोजना के प्रमुख फैज तैय्यब और विभागीय प्रमुखों ने स्थानीय मीडिया से संवाद किया। इस सत्र में परियोजना की प्रमुख उपलब्धियों और सामुदायिक कल्याण पहलों पर चर्चा की गई। परियोजना प्रमुख ने बताया कि 31 जनवरी, 2025 तक, परियोजना ने कुल 14.48 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन हासिल किया। जो वित्तीय वर्ष के लक्ष्य का 85.15% है। डिस्पैच कुल 3,854 रैक के साथ 85.02% लक्ष्य हासिल कर चुका है। विशेष रूप से, जनवरी 2025 में परियोजना के इतिहास में सबसे अधिक कोयला उत्पादन और ओवर बर्डन रीमुव किया गया है, जो क्रमशः 1.64 एमएमटी और 7.46 एमसीएम है। परियोजना ने कई सम्मान भी प्राप्त किये हैं, जिसमें डीजीएमएस के तहत आयोजित पहले अखिल भारतीय खनन सुरक्षा पुरस्कारों में ओपनकास्ट कोयला (बड़ी क्षमता खदान) श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सीएसआर पहलों के लिए जीएमएफ गोल्डन पेटल पुरस्कार से परियोजना को सम्मानित किया गया।

इन सबके अतिरिक्त प्रेसवार्ता में परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब के द्वारा यह बताया गया कि 1 अप्रैल 2025 से महज 3 एमएमटी कोयले को सड़क मार्ग से ले जाया जाएगा शेष प्रोडक्शन को हम कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ही ले जायेंगे। परियोजना द्वारा महज 3 एमएमटी सड़क मार्ग से परिवहन करने से आस पास के इलाकों में सड़क मार्ग से हो रहे प्रदूषण कम होंगे और निश्चित तौर पर आस पास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी। परियोजना प्रमुख ने यह भी बताया कि हमने हाल ही जनवरी में बानादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वें रैक हमने डिस्पैच किया है जो हमारे लिए गौरव की बात है। सीएसआर के दृष्टिकोण से, परियोजना ने अपनी शुरूआत से अब तक 862 चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया है। जिससे 83,000 से अधिक लोगों को लाभ हुआ है। और स्थानीय समुदायों के लिए विभिन्न आजीविका और सशक्तिकरण कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें आधुनिक कृषि में प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास और स्थानीय गांवों के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल हैं।

## यातायात पुलिस ने ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों से जनवरी में 72 लाख से अधिक वसूले

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ट्रैफिक रूल्स को पालन कराने को लेकर हजारीबाग की यातायात पुलिस लगातार अभियान चला रही, फिर भी रूल्स को तोड़ने वालों की तादात नहीं घट रही। यातायात पुलिस ने 1 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक बिना हेलमेट 5137 टू व्हीलर से चालान काटा। वहीं ट्राफिक रूल्स का पालन नहीं करने वाले 711 कार, ट्रक एवं बस का चालान काटा गया। पूरे माह में 5848 चालान काट कर 72,06,600 रुपए फाइन के रूप में वसूले गये। ट्रैफिक प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस का मकसद कभी भी फाइन वसूलना नहीं है बल्कि, लोगों से ट्राफिक रूल्स का पालन कराना है। अगर ट्रैफिक रूल्स का पालन करेंगे तो कभी भी उन्हें फाइन नहीं देना पड़ेगा। बता दें कि 21 दिसंबर को हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह खुद सड़क पर उतर बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को ट्रैफिक नियम का पाठ पढ़ाया था और हेलमेट देकर उन्हें बिना हेलमेट बाइक नहीं चलाने की हिदायत दी थी, फिर भी शहर की सड़कों पर बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वाले दिख जायेंगे।

## शतचंडी महायज्ञ, हनुमत सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश शोभायात्रा



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुइयो में श्रीश्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ भगवती, हनुमंत सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव जिप सदस्य कुमकुम देवी प्रमुख रेणु देवी उप प्रमुख सुरजी देवी डिवाइन निदेशक सह यज्ञ मुख्य पुजारी आयी पी भारती ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया शंकर रविदास,पंसस रेशमी देवी सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, यज्ञ समिति अध्यक्ष उत्तीम महतो मौजूद थे. यज्ञ को लेकर मंदिर परिसर से 1001 महिला एवं कन्याओं ने माथे पर कलश रखकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर उत्तर वाहिनी नदी से जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पर आकर स्थापित किया। यज्ञ को संपन्न कराने यज्ञाचार्य जयप्रकाश पांडेय अयोध्या और कथावाचक विधांशु महाराज अवध धाम से पधारे हैं। 12 फरवरी को भजन गायिका शहनाज अख्तर तथा 13 फरवरी को भक्ति जागरण राजू हलचल का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर डॉ प्रकाश कुमार पूर्व मुखिया दशरथ यादव ,गुड्डी देवी, सरयू यादव, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद , महेंद्र प्रसाद, अर्जुन राणा, समिति के उपाध्यक्ष राजेश कुमार, विनोद भगत, सचिव बसंत कुमार, उपसचिव वीरेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, फलजीत राणा, चिंता देवी, संतोष कुमार शर्मा समेत सैकड़ों ग्रामीण श्रृद्धालु शामिल थे।

## मनरेगा दिवस पर संगोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को मनरेगा दिवस के अवसर पर संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, बीपीओ राहुल कुमार और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के 100 दिन रोजगार पूर्ण करने वाले किसान, मजदूर और मनरेगा योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बीपीओ राहुल कुमार ने कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार का लाभ जरूर लें, उन्होंने बताया कि आवेदन करने के बाद 15 दिनों के भीतर काम मिलना शुरू हो जाता है।बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है।

# 'अगले बरस मां फिर से आना' के साथ प्रेस क्लब ने मां की प्रतिमा का विसर्जन किया

**आजाद सिपाही संवाददात**



**हजारीबाग।** हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक और भव्य रूप से मां सरस्वती पूजन उत्सव का आयोजन किया गया। क्लब के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार को प्रेस क्लब भवन परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गयी। विद्या, बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन पूरे समर्पण और आस्था के साथ किया गया। भक्तों ने मां सरस्वती से ज्ञान, विवेक और प्रकाश का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। मंगलवार को विशेष हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन की पवित्र अग्नि में आहुति देकर मां सरस्वती से सबके उज्ज्वल भविष्य और समृद्धि की कामना की गयी, मां का आशीर्वाद लेने के लिए अपर समाहर्ता संतोष कुमार, जिला जनसंपर्क अधिकारी रोहित कुमार, परिमल कुमार, लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव समेत शहर के कई गणमान्य आकर माता का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पूजन के पश्चात विसर्जन यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्य और पदाधिकारी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शामिल हुए। मां सरस्वती की प्रतिमा को हाथों में उठा जयकारे लगाते हुए झील घाट पहुंचे। शंख की ध्वनि से वातावरण अनुकूलित हुआ। पूरे मार्ग में जय मां सरस्वती, अगले बरस तू जल्दी आना जैसे भक्तिमय उद्घोष गूंजते रहे। विसर्जन यात्रा से पूर्व सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। सभी ने सामूहिक रूप से खिचड़ी महाप्रसाद का आनंद लिया।

**प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की सराहना**

हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह एवं सचिव विस्मय अलंकार ने इस भव्य आयोजन के लिए सरस्वती पूजा कमेटी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि मां सरस्वती की कृपा से इस वर्ष का पूजन एवं विसर्जन समारोह भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

## कई बोरा में रखे कीमती पत्थर जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।।** डोमचांच वन प्रमंडल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच रविंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम के साथ गोरियाडीह तालाब के जमा कर रखे फ्लेस्फर पत्थर (हरा रंग) लगभग 34 बोरा जिसका वजन लगभग 1360 केजी जिसका मूल्य लगभग 2 लाख लगाया जा रहा है को जब्त किया। बताया जाता है कि यह पत्थर गोरियाडीह वन सीमा अन्तर्गत गोरियाडीह जंगल से अवैध खनन कर लाया गया है। वन विभाग ने इसको लेकर सिकन्दर सिंह, पिता स्व बाबुलाल सिंह, मनोज साव पिता लक्ष्मण साव, प्रमोद सिंह पितामोती सिंह, राजेश तुरी पिता ननकु तुरी सभका साकिन गोरियाडीह, थाना' ढाब, जिला कोडरमा पर विधिसमत कार्रवाई की जा रही है। मौके पर ललन किशोर प्रभारी वनपाल, राजेश कु शर्मा प्रभारी वनपाल, अभिमन्यु कुमार वनरक्षी, रविकान्त यादव वनरक्षी, पिंटु पंडित वनरक्षी, सुनिल कुमार दास वनरक्षी एवं मो इस्लाम अंसारी वनरक्षी मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ शुरू




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ग्राम पहरीडीह में श्री श्री 1008 श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर विधिवत पूजा अर्चना कर यज्ञाचार्य सह आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काट कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह एवं संचालन पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, सेनि आर्मी सतीश पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कुमारी कन्या और महिलाओं के द्वारा 551 कलश यात्रा रवाना हुए। ढोल बाजे के साथ दुर्गा माता कि जय, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, जय श्री राम, हर हर महादेव आदि नारों के साथ थाना रोड़ से पेठीयाबागी से शिव मंदिर, मोदी मोहल्ला होते हुए अकतो नदी में आचार्य बसंत शास्त्री, पंडित विष्णु कांत शास्त्री, अनिल पांडेय सहित कई लोगों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। यज्ञाचार्य आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने कहा कि सनातन का मतलब है शाश्वत या सदा बना रहने वाला, सनातन धर्म को हिंदू धर्म या वैदिक धर्म के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया का सबसे पुराना धर्म है।

## लिखलाही घाटी में दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर , एक युवक घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड स्थित एनटीपीसी टीपी 5 के ऊपर लिखलाही घाटी के समीप दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गए। जिसमें एक मोटरसाइकिल चालक को गंभीर चोट लगी है। स्थिति को देखते हुए तुरंत स्थानीय लोगों के प्रयास से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग हॉस्पिटल ले जाया गया। वहीं दूसरे मोटरसाइकिल चालक को मामूली चोट लगी है। दुर्घटना के कारण मोबाइल से बात करना बताया जाता है। गंभीर रूप से घायल कमलेश कुमार हजारीबाग के रहने वाला बताया जाता है। घटनास्थल पर ब्रेकर देने की आवश्यकता है ताकि बार-बार हो रही दुर्घटना को रोका जा सके।

## ग्रिजली विद्यालय में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा की गयी, जिसमें सबसे पहले 12वीं के छात्रों का स्वागत और केक कटिंग का आयोजन हुआ। इसके बाद, छात्रा शिवानी और जिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकांक्षा और ग्रुप, काव्य और ग्रुप, प्राप्ति और ग्रुप, प्रगति और ग्रुप, हर्ष और ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। आलोक राज, सुमन और उज्ज्वल ने स्टैंडअप कॉमेडी का प्रदर्शन किया। रिशिका और शौर्य ने डुएट गाना प्रस्तुत किया और कक्षा 12वीं के छात्रों ने रैंप वॉक और गाने प्रस्तुत किये। कक्षा 12वीं की छात्रा रीत भदानी, अनुष्का भदानी, अनन्या, राज नंदनी और पियूष ने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ ने कहा कि उन्हें हमेशा अपने शिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपने रोल मॉडल के रूप में देखना चाहिए। सीइओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्या अंजना कुमारी ने छात्रों की शैक्षिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए उनकी सराहना की। कक्षा 12वीं के छात्रों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें मिस ग्रिजली सुकांक्षा कंधवे, मिस्टर ग्रिजली ओम कुमार, बेस्ट एकेडमिशियन पियूष और सृष्टी बरनवाल, सर्वाधिक अनुशासित छात्र पियूष कुमार यादव, सर्वाधिक अनुशासित छात्रा अर्पिता मिश्रा, बेस्ट ड्रेस (मेल) अनिश राणा, बेस्ट ड्रेस (फीमेल) अंजनी कुमारी, मिस और मिस्टर स्माइली माहि अग्रवाल और संत कुमार सागर, मिस और मिस्टर एथलीट शिवानी वर्मा और सौरभ कुमार, बेस्ट एंटरटेनर स्नेह आनंद और कृष्णा कौशिक, बेस्ट एंकर अनुष्का भदानी, मिस इनोसेंट खुशी जैन, मोस्ट ओबेडिएंट स्टूडेंट रागिनी वर्मा और मिस्टर सोनू कुमार, बेस्ट सिंगर मिस अदिति और पियूष, मिस आर्ट रीत भदानी, और मोस्ट स्टाइलिश संस्कृति सहाए और साहिल सम्राट शामिल थे।

## मारपीट में एक युवक घायल

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वीर कुंवर सिंह चौक के समीप सनी क्लासेस के नीचे सोमवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे हुई मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सनी क्लासेस का छात्र सचिन कुमार पिता कृष्णा प्रसाद,गुमो निवासी अपने दोस्तों के साथ सनी क्लासेस के नीचे खड़ा था। इसी दौरान मणि ठाकुर, नीरज ठाकुर बजरंग नगर, पानी टंकी रोड निवासी और सात लोगों ने उसके साथ गाली गलौज एवं मारपीट करनी शुरू कर दी। वही मामले को लेकर तिलैया थाना में सचिन कुमार ने एक आवेदन भी दिया है। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# एनटीपीसी ने किया बाइक चालकों के बीच 150 हेलमेट का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना (केडीसीएमपी)के द्वारा कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बसरिया साइट ऑफिस चौक पर 150 हेलमेट का वितरण किया गयो इस कार्यक्रम में शिव प्रसाद (हेड ऑफ प्रोजेक्ट, ङऊ्रटढ), रामरतन बरनवाल (सर्किल ऑफिसर, केरेडारी), रोहित पाल (हेड ऑफ एचआर, केडीसीएमपी), बिक्की ठाकुर (इंचार्ज, पगार ओपी) सहित केरेडारी कोयला खनन परियिजन के सीएसआर और आरएंडआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और दोपहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट पहनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य है और यह पहल स्थानीय समुदाय को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने में सहायक होगी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया और लोगों को जिम्मेदारी पूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी। स्थानीय लोगों ने एनटीपीसी के इस पहल की सराहना की और कहा कि यह अभियान समाज में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## शाखा अदालत में 74 मामलों का हुआ निपटारा




**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की बासोडीह और नासरगंज स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शाखा अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक ऑफ इंडिया में ऋण संबंधित उधारकर्ताओ को एनपीए खाता धारकों को विशेष रूप से एक-मुश्त समाधान आकर्षक शर्तो पर किया गया। बैंक ऑफ इंडिया के बासोडीह और सतगावां के शाखा के द्वारा शाखा अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर स्थाई शाखा अदालत में बैंक ऑफ इंडिया के कोडरमा जिले के मुख्य प्रबंधक वसूली विभाग शिवाजी भारद्वाज, हजारीबाग आंचलिक वरीय प्रबंधक अनीश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। स्थाई शाखा अदालत में केसीसी ऋण, मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण या अन्य ऋण के खाते जो एनपीए हो गये हैं उनका निपटारा किया गया। शाखा अदालत में वैसे लोगों का ऋण समाधान किया गया जो किसी कारणवश बैंक से लिया और ऋण नहीं चुका पाए उनका एक मुस्त पैसा लेकर समाधान किया गया। कुल 74 खातों का निपटारा किया गया। जिसमें बासोडीह शाखा में 51 और सतगावां शाखा में 23 एनपीए खाता उधारकर्ताओ का निपटारा किया गया। वहीं बासोडीह शाखा में 20 लाख और सतगावां शाखा में 12 लगभग लाख रुपये एनपीए रिकवरी के रूप में कुल लगभग 32 लाख की राशि वसूली गयी। हजारीबाग आंचलिक वरीय प्रबंधक अनीश कुमार ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा इस वर्ष प्रारंभ किये गये शाखा अदालत को लोगों के द्वारा काफी सराहा जा रहा है ।

## रिलायबल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रिलाइबल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के निदेशक अरविंद पांडेय की देख रेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय मुखिया दीपक पांडेय और पपलो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक धीरज पांडेय व शिक्षक पुष्कर कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रमुख विजय सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, जिप सदस्य प्रतिनिधि रविशंकर तिवारी, प्राइवेट स्कूल एसोशियन के अध्यक्ष डॉ बीएनपी वर्णवाल, आयडियल प्रोगेसिव स्कूल के निदेशक कन्हाय चंद्र यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक गीत, संगीत, नृत्य, नाटक प्रस्तुति कर मौजूद लोगो का खुब वाह वाही बटोरी। विज्ञान प्रदर्शनी में लाईट सेंसर, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, माइक्रोस्कोप वॉटर पॉल्यूशन, मोशन डिटेक्शन सेंसर, सोलर ,मॉर्डन इरेग्सन सिस्टम सहित अलग अलग विषयो को प्रदर्शित किया।

# तिलैया पुलिस ने हथियार के साथ दो को पकड़ा और युवकों की पिटाई मामले में पांच लोगों को भेजा जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झुमरीतिलैया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक के समीप जगुआर सर्विस सेंटर के समीप दो युवकों को ट्रक से बांधकर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को मामला दर्ज कर पांच लोगों को जेल भेज दिया है। जेल भेजे गये लोगों में जगुआर सर्विस सेंटर के संचालक अशोक यादव पिता स्वर्गीय गुली यादव, कुनैन खान पिता जाबिर खान हजारीबाग, विजय कुमार यादव पिता नंद किशोर यादव करमा, मुकेश यादव पिता प्रसाद यादव असना इंदरवा एवं प्रेम कुमार वर्मा पिता महादेव वर्मा शामिल है। इस संबंध में सैफ सिद्दीकी के आवेदन पर थाना में कांड संख्या 33/25 बीएनएस की धारा 615 (2) 352, 351( 2), 117 (2),109(1), 126 (2), 127 (2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी तिलैया के द्वारा रात्रि में तिलैया थाना अन्तर्गत देवी मंडप रोड बंगाली मोहल्ला से एक देशी पिस्टल एवं एक चाकू (गुप्ती) के साथ दो अभियुक्त पियूष यादव और अभय कुमार उर्फ मिष्टी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में तिलैया थाना में तिलैया थाना कांड संख्या 39/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## खड़ी कार में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, चालक घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के जेजे कॉलेज होली फैमिली हॉस्पिटल के समीप मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ईंट लोड ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़ी एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि कार में कोई सवार नहीं था। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में बिहार से ईंटा लोड करके तिलैया की तरफ जा रहे थे, जिसमें ट्रैक्टर चालक को हल्की-फुलकी चोट लगी है।

# टैक्स छूट एक अच्छा कदम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार बजट घोषणाओं से न केवल मध्य वर्ग के एक बड़े हिस्से की बांछें खिला दी हैं, बल्कि इकॉनमी के मोर्चे पर भी उम्मीद पैदा की है। लेकिन सवाल है कि क्या सचमुच इस कदम से खपत में अपेक्षा के अनुरूप इजाफा होगा। कई ऐसे फैक्टर हैं, जो इस सवाल का स्पष्ट हां या ना में जवाब देना मुश्किल बना रहे हैं।

**परफेक्ट टाइमिंग :** करों में छूट के इस फैसले को ज्यादा अहमियत इसलिए भी मिल रही है कि इसकी टाइमिंग बहुत सटीक है। इसकी घोषणा ऐसे समय की गयी है, जब कोविड-19 महामारी से जुड़े प्रतिबंधों के हटाये जाने के बाद कर्ज आधारित खपत बढ़ोतरी का चक्र पूरा होने को है। ऐसे में खपत बढ़ोतरी के लिए जिस दूसरे धक्के की जरूरत थी, वह इस कदम से पूरी हो सकती है।

**वास्तविक आय का सवाल :** खपत बढ़ने की उम्मीदों की राह में एक बड़ा रोड़ा है वास्तविक आय का सवाल। हकीकत यह है कि तमाम प्रयासों के बावजूद वास्तविक आय अभी भी महामारी से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच पायी है। इस बजट में भी कल्याणकारी और इन्फ्रास्ट्रक्चर मदों पर आवंटन पिछले साल जितना ही रखा गया है। जाहिर है, वास्तविक आय और दूसरे शब्दों में खपत में बढ़ोतरी की उम्मीदें भी ज्यादा नहीं रखी जा सकतीं।

**भारत में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या वैसे भी करीब 8 करोड़ ही है, जिसमें मात्र 3 करोड़ लोग ही सचमुच टैक्स देते हैं। ताजा छूट के बाद यह संख्या और कम हो जायेगी।**

**करदाताओं की छोटी जमात :** भारत में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या वैसे भी करीब 8 करोड़ ही है, जिसमें मात्र 3 करोड़ लोग ही सचमुच टैक्स देते हैं। ताजा छूट के बाद यह संख्या और कम हो जायेगी। इनकम टैक्सपेयर्स कम होने का सीधा मतलब होता है जीएसटी पर दबाव बढ़ना। यानी जीएसटी रेट में कटौती मुश्किल होगी और आबादी के अपेक्षाकृत गरीब हिस्से को राहत नहीं मिल पायेगी। ध्यान रहे, आबादी के इस हिस्से को मिली राहत का खपत बढ़ाने में ज्यादा योगदान होता है।

**सरकारी खर्च पर दबाव :** इस फैसले से टैक्सपेयर बेस सिकुड़ने का प्रभाव देर-सबेर सरकार की खर्च करने की क्षमता पर भी पड़ेगा। चूंकि हाल के वर्षों में आयी वित्तीय मजबूती के पीछे सरकारी राजस्व में डायरेक्ट टैक्स की हिस्सेदारी बढ़ने का भी हाथ रहा है, इसलिए स्वाभाविक ही इस पहलू को ध्यान में रखने की जरूरत होगी। कुल मिलाकर देखा जाये, तो टैक्स छूट एक अच्छा कदम जरूर है, लेकिन इसके अधिकाधिक फायदे सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रखने होंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने राजनीति शास्त्र, इतिहास में स्नातकोत्तर और लॉ की पढ़ाई की। झारखंड पृथक राज्य हेतु झारखंड आंदोलन के एक प्रमुख नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आंदोलन को धार देने के लिए कई नागपुरी कविताएं, गीत और नारे लिखे। इस तरह वे एक वकील, कवि, लेखक और राजनीतिक नेता के रूप में अहम योगदान के कारण झारखंड के विभूति के सूचि में अपना नाम दर्ज कराया।**

# लाल रणविजय नाथ शाहदेव का अहम योगदान



**डॉ मोहम्मद जाकिर**



5 फरवरी 1940 - 18 मार्च 2019

भगवान बिरसा का डोंबारी बुरु पर अंग्रेजों से लड़ाई के दौरान उनका वहां से निकल कर कुछ दिन छोटे लाल रघुनाथ शाहदेव के ग्राम पोकटा (लापुंग, रांची) के भंडार घर में गुजरे। उन्हीं के पुत्र छोटे लाल लक्ष्मीनाथ शाहदेव के घर 5 फरवरी, 1940 को लाल रणविजय नाथ शाहदेव का जन्म लालगंज (लापुंग) में हुआ।

लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने राजनीति शास्त्र, इतिहास में स्नातकोत्तर और लॉ की पढ़ाई की। झारखंड पृथक राज्य हेतु झारखंड आंदोलन के एक प्रमुख नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आंदोलन को धार देने के लिए कई नागपुरी कविताएं, गीत और नारे लिखे। इस तरह वे एक वकील, कवि, लेखक और राजनीतिक नेता के रूप में अहम योगदान के कारण झारखंड के विभूति के सूचि में अपना नाम दर्ज कराया।

1957 से लाल रणविजय मरङ गोमके (अगुआ नेता) जयपाल सिंह के साथ राजनीति में प्रवेश किये और सक्रिय रूप से अखिल भारतीय झारखंड पार्टी से जुड़ गये। जल्द ही वे जयपाल सिंह के निकटतम सहयोगी हो गये। झारखंड पार्टी के हर गतिविधियों में भाग लेने लगे। झारखंड अलग राज्य के लिए पूरे राज्य में सभाओं एवं सम्मेलनों में भाग लिये। यह सिलसिला 20 जून, 1963 तक चलता रहा. मरङ गोमके जयपाल सिंह ने कांग्रेस से हाथ मिला लिया। इस समय उन्होंने 'जयपाल बोदरा बागे, मुर्गा लेकर भागे' का नारा बुलंद किया।

इस विलय के विरोध में 21 जून 1963 को बारीक पार्क मैदान, रांची और 21 जुलाई, 1963 को बरडेला (बहुबाजार), रांची में विशाल जनसभा हुई। इस जनसभा को संबोधित करते हुए लाल रणविजय नाथ शाहदेव का जोशीला एवं प्रभावशाली भाषण दिये। इसमें उन्होंने ने झारखंड आन्दोलन के विभिन्न पहलुओं एवं भावी रणनीति पर प्रकाश डाले।

झारखंड पार्टी के संस्थापकों में एक एनइ होरो के साथ वे रहे और कभी किसी दूसरी पार्टी नहीं गये। एनइ होरो के साथ मिलकर उन्होंने पार्टी को जीवित रखा। वे झारखंड पार्टी के महामंत्री, उपाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और एनइ होरो के बाद अध्यक्ष के पद पर रहते हुए पार्टी में अपना योगदान दिये।

लाल रणविजय नाथ शाहदेव पेशे से वकील और कवि एवं गायक के रूप में अपनी अलग पहचान बनायी। वे झारखंड आंदोलन के लिए प्रेरक गीत लिखते एवं गाते भी थे। इनके बहुत से गीत इग्नेस बेक एवं इग्नेस कुजूर द्वारा जयपाल सिंह के झारखंड पार्टी के मुख-पत्र के संपादन में निकलने वाले साप्ताहिक पत्र 'अबुआ झारखंड' में छपते थे।

3 जून 1968 के चीरी गोली कांड के कारण लाल साहब अपने अन्य आन्दोलनकारियों के साथ जेल गये। 1969 में एक गैर राजनीतिक संस्था 'झारखंड राज्य मोर्चा' का और 1971 में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के सिलसिले में 'नागपुरी प्रचारिणी सभा' का गठन किया। इस सभा से मानक नागपुरी पत्रिका 'पझरा' एवं कई नागपुरी पुस्तकों का प्रकाशन आरंभ किये।

नागपुरी साहित्य के क्षेत्र में भी उनका विशेष योगदान रहा। उन्होंने कई किताबें लिखीं। आकाशवाणी और दूरदर्शन में काफी लोकप्रिय रहे। इनकी रचनाओं में आदिवासियत और झारखंडी केंद्र बिंदु रहे। उनके द्वारा लिखी गयी - माटी मांगे लहू, बारंडो, पूरब कर रंफ (नाटक), पियासल, आत्मा, और शहनाई बज उठी, दराद, मनपुराण (कहानी), कुंदरी कर लारेंगे, व्यवस्थापक और आदमियत, छोटानागपुर कर गांव में, एकता (निबंध), जगी जवान चमकी बिजुरी (कविता संग्रह), पूजा कर फूल (भक्ति गीतों का संग्रह), खोथा (गीतों का संग्रह), पूजा कर फूल (काव्य संग्रह), खोता (काव्य), खुखड़ी रूगड़ा (संपादन), जागी जवानी चमकी बिजुरी (गीत संग्रह) आदि शामिल हैं। उन्होंने लगभग 350 नागपुरी गीत और कविताएं रचीं। आज भी उनके गीत शोषण, अन्याय, जुल्म, उत्पीड़न, विस्थापन, पलायन, बेदखली, अत्याचार से पीड़ित झारखंडियों संघर्ष करने को प्रेरित करता है।

1974 में जयप्रकाश आन्दोलन का हिस्सा बने। उन्होंने 'झारखंड जन संघर्ष समिति' का गठन किया. 1975 में जेपी आंदोलन के दौरान उन्हें जेल जाना पड़ा। 1977 में केंद्रीय गृह मंत्री चौधरी चरण सिंह की अलग राज्य के संबंध में वार्ता पर शामिल थे। 1989 में गृह मंत्री एसबी चौहान के साथ हुई वार्ता में भी शामिल रहे। नये राज्य का नाम वनांचल या झारखंड रखा जाये के बहस में उन्होंने मनु संहिता, चैतन्य महाप्रभु और 17वीं-18वीं शताब्दी की रचनाओं के आधार पर वनांचल की जगह झारखंड नाम की पुरजोर तरीके से वकालत करते हुए वे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को राज्य का नाम झारखंड रखने के लिए राजी करने में सफल रहे।

पैरालिसिस अटैक के बाद बीमार रहने लगे थे, परंतु उनके भाव, वाणी, जोश और झारखंड की विकास को लेकर समर्पित रहे। मिर्जा गालिब का ये शेर उन पर सटीक प्रतीत होता था :

**'गो हाथ को जुम्बिश नहीं**
**आँखों में तो दम है,**
**रहने दो अभी सागर-ओ-मीना**
**मिरे आगे'**

झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय लाल रणविजय नाथ शाहदेव को झारखंड सरकार और लोक सेवा समिति की ओर से 'झारखंड रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया गया। आज झारखंड के इस विभूति की 85वीं जयंती के अवसर पर झारखंड वासियों की तरफ से खिराज-ए-अकीदत।

**(लेखक : इतिहासकार और शिक्षाविद हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# झामुमो ने मनाया 53वां स्थापना दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची स्थित झामुमो जिला सम्पर्क कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा का 53वां स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को झामुमो जिला समिति के वरिष्ठ नेताओ ने पार्टी के 53वां स्थापना दिवस पर केक कटिंग कर कार्यकर्ता और लोगों के बीच खुशियां बांटते नजर आये। इस दौरान संपर्क कार्यालय के चारो ओर ढिशुम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, वीर शहीद अमर रहे का नारा से गूंज उठा। वही झामुमो नेताओ ने एक दूसरे को केक खिलाकर पार्टी का स्थापना दिवस की खुशियां जाहिर की। मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, 15 सूत्री के सदस्य शेख बदरुद्दीन, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सदस्य प्रमोद लाल, महावीर मुर्मू, जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, अरुण प्रसाद, फैयाज खान, कमलजीत कौर गिल,नानटू सरकार, अवतार सिंह संधू, इंद्रजीत घोष, महिला नेत्री झरना पाल, सविता सिंह, सविता दास, दुर्गा बोईपाई, पप्पू उपाध्याय, अंकित सिंह सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता और स्थानीय समर्थक उपस्थित रहे।

# पोटका में पांच माह से खाद्यान्न से वंचित कार्डधारियों ने मुख्यालय में किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** प्रखंड के रसुनचोपा पंचायत के जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा सैकड़ों कार्डधारियों को पांच माह का खाद्यान्न नही उपलब्ध कराये जाने से नाराज कार्डधारियों ने मंगलवार को पोटका मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रखंड मुख्यालय को पांच घंटे घेरे रखा। रसुनचोपा पंचायत के बुरुहातू, लोवाडीह, गालूसिंगी, सिकीडिया, सावनाडीह, सारसे, लेंगाडीह, कुड़तागुटु, धीपासाई एवं कोरगाटोला के सैकड़ों ग्रामीण पोटका चौक से रैली निकाल प्रखंड मुख्यालय पहुंचे एवं पांच माह का खाद्यान्न नही मिलने की बात कह मुख्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते हुए



धरना पर बैठ गये, जिससे आना जाना बंद हो गया।


घंटों धरना के उपरांत पोटका थाना प्रभारी रवि होनहागा मुख्यालय पहुंचे एवं ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया पर ग्रामीण नही माने, जिसके उपरांत अंचलाधिकारी निकिता बाला की उपस्थिति में कार्डधारियों के मामले की जांच कर जल्द खाद्यान्न उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और घरों को लौटे। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के जन वितरण प्रणाली दुकानदार चोरक छिकोड महिला समिति द्वारा 370 पीएच एवं 221 अंत्योदय कार्डधारियों को वर्ष 2024 के सितंबर माह से खाद्यान्न नही दिया गया है दुकानदार द्वारा कार्डधारियों से बायोमेट्रिक मशीन में फिंगर प्रिंट भी ले लिया गया जिसके उपरांत भी अबतक किसी भी कार्डधारी को अबतक अनाज नहीं दिया गया है।

# धातकीडीह ए ब्लॉक क्वार्टर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धातकीडीह के ए ब्लॉक स्थित 58 नंबर क्वाटर में मंगलवार देर शाम शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गयी। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगते ही अफरा तफरी मच गयी।

जानकारी के अनुसार, यह मकान रशीद के नाम पर है, लेकिन वह और उनका पूरा परिवार दुबई में रहते हैं। स्थानीय लोगों ने जब घर से धुआं निकलते देखा, तो तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की एक टीम और टाटा स्टील का एक दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी



मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। फिलहाल, प्रशासन आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है, लेकिन शुरूआती अनुमान में शॉर्ट सर्किट को ही वजह माना जा रहा है। इस घटना से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

# पूर्व विद्यार्थियों ने देवी सरस्वती की पूजा अर्चना कर बुद्धि-ज्ञान की कामना की, विसर्जन आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बसंत पंचमी देवी सरस्वती की पूजा अर्चना के लिए समर्पित है। यह पर्व हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाते है। मान्यता है इस दिन देवी सरस्वती की विधि-विधान से पूजा करने से बुद्धि ज्ञान के साथ ही सौभाग्य, तरक्की व धन धान्य की प्राप्ति होती है। इसके लिए बीते 30 वर्षों से सिदगोड़ा 10 नंबर बस्ती सिंधु रोड निवासी पूर्व विद्यार्थियों ने न्यू उमंग बॉयज क्लब के बैनर तले देवी सरस्वती की पूजा प्रत्येक वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाते है। हालांकि इस साल बीते 22 नवंबर को क्लब के सदस्य प्रभाकर चौधरी के निधन होने पर सादगी से माता सरस्वती



की पूजा अर्चना की गयी। क्लब के सदस्यों द्वारा पंडाल के सामने स्वर्गीय प्रभाकर चौधरी के फोटो लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वही सभी ने देवी सरस्वती की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया। आगामी बुधवार को सभी सदस्य एकत्रित होकर विसर्जन प्रक्रिया को पूरा करेंगे। इस अवसर पर पूजा पंडाल में उमंग बॉयज क्लब के अध्यक्ष रंजीत, मनीष, संतोष, सुशील, छोटू, सन्नी, इस्वर, कुणाल, सुभाष मजूमदार, सोनू, जितेंद्रर, सुबोध, पिंटू, आनंद मिश्रा मुन्ना सहित अन्य शामिल रहे।

# मनरेगा आयुक्त ने कांकड़ा पंचायत का किया दौरा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बर्णवाल ने ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार दौरा कर रहे है। उन्होंने बीते दिनों गम्हरिया प्रखंड के बाद अब कांकड़ा पंचायत का दौरा किया। मंगलवार को श्री बर्णवाल ने कांकड़ा पंचायत में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की।मौके पर आईटीडीए निदेशक के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वही आयुक्त ने लाभुकों से मिल कर जानकारी ली। साथ ही बड़ा कांकड़ा पंचायत क्षेत्र के ब्रह्मटांड़ व धातकीडीह गांव में मनरेगा की योजना से बागवानी कूप निर्माण, आवास निर्माण व मेड़बंदी के निर्माण कार्यों का जांच की। मौके पर आयुक्त ने योजनाओं में तेजी लाने, ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यस्थल पर सूचना पट्ट स्पष्ट रूप से लिखने का निर्देश दिया। वही मनरेगा श्रमिकों का जॉव कार्ड उनके भुगतान के अनुरूप अघतन कराने का निर्देश दिया।

# वर्कर्स यूनियन की पहल पर निकली अप्रेंटिस की बहाली

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह मजदूरों के हित में लगातार प्रयास कर रही है। मंगलवार को यूनियन और प्रबंधन के बीच समझौते के बाद टाटा मोटर्स में अप्रेंटिस की बहाली निकाली गयी। ज्ञात हो की 2700 अस्थायी कर्मियों को स्थायी करने के दौरान टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन व प्रबंधन के बीच एक समझौता हुई थी। जिसके तहत यूनियन के प्रयास नयी बहाली निकली गयी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मानगो पेयजल परियोजना में कोताही बर्दाश्त नहीं : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के मानगो पेयजल परियोजना में स्थानीय लोगों की परेशानियों को देखते हुए विधायक सरयू राय ने नाराजगी जाहिर की। मंगलवार को विधायक ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को चेतावनी देते हुए कहा मानगो पेयजल परियोजना में किसी भी किस्म की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। श्री राय ने साफ-साफ कहा जनसुविधाएं मुहैया करने वाली परियोजनाओं के परिचालन में पहले जैसी लापरवाही बरतने का अंजाम ठीक नहीं होगा। अधिकारीगण पूर्ववर्ती कार्यकाल की कार्य संस्कृति में बदलाव लायें। श्री राय ने कहा मानगो पृथ्वी पार्क की पानी टंकी का उद्घाटन हुए एक सप्ताह बीत गया।लेकिन टंकी से पेयजलापूर्ति सही ढंग से नहीं हो रही। कृष्णा नगर, शांति नगर, चिटाईकुली जैसे इलाकों में एक दिन भी पानी नहीं गया। रामकृष्ण कॉलोनी तक भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। श्री राय ने कहा जानकारी मिली कहीं कहीं पाईप लीक है, पानी टंकी को पूरा नहीं भरा जा रहा है। इंटेकवेल, ट्रीटमेंट प्लांट और टंकियों में लगाने के लिये नये मोटर पंप खरीदने की दिशा में भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है। कुछ दिन पूरे विभागीय प्रधान सचिव के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता, सिविल व मैकेनिकल का संयुक्त निरीक्षण मानगो पेयजल परियोजना की स्थिति का जायजा लेने के लिए हुआ था। इसके बावजूद परियोजना के परिचालन में शिथिलता की बात समझ में नहीं आती।

## विद्या की देवी मां शारदे की पूजा सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सरस्वती पूजनोत्सव के मुख्य प्रतिनिधि यजमान आचार्य सुजीत कुमार दुबे, आचार्य प्रसून कुमार, भैया श्रिंजल कुमार और बहन लकी गुप्ता के द्वारा आचार्य कौशलेंद्र झा और आचार्य हिमांशु झा के षोडशोपचार पूजन और वेदध्वनि के साथ संपन्न हुआ। पूजन के बीच पंचदीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, सह सचिव चंदन कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि शशि कला, सदस्य-शैलेश कुमार अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यारंभ संस्कार का शुभारंभ हवन-पूजन से प्रारंभ हुआ। सभी छोटे बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर और शॉपनर देकर, आचार्य जी और अभिभावक द्वारा ॐ शब्द लिखाकर बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया।

### सांसद वीडी राम ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मुलाकात की

# फोरलेन का उद्घाटन मार्च-अप्रैल महीने में करने का किया अनुरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नयी दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत एनएचएआई के द्वारा एनएच 75 और 98 का फोरलेन निमार्णाधीन सड़कों का कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा किया। इस अवसर पर गढ़वा फोरलेन बाईपास सड़क और पलामू जिला के सीलीदाग से हरिहरगंज तक एनएच 98 को फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। उक्त दोनों परियोजनाओं का उद्घाटन मार्च-अप्रैल महीने में करने का अनुरोध किया, जिसपर मंत्री ने जल्द समय निर्धारित करने को कहा है। साथ ही साथ गढ़वा से मझिआंव, कांडी होते हुए श्रीनगर (झारखंड) और पंडुका (रोहतास, बिहार) रा0रा0 119 तक नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग किया।



सांसद विडी राम और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से चर्चा करते हुए।

श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए सुगम आवागमन हेतु क्षेत्र की जनता और इससे जुड़ने वाले क्षेत्र की मांग रही हैं कि गढ़वा से मझिआंव, कांडी होते हुए श्रीनगर (झारखंड) एवं पंडुका (रोहतास, बिहार) रा0रा0 119 तक नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाय। इसके निर्माण हो जाने से बिहार का झारखंड तथा छत्तीसगढ़ से कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। दक्षिण बिहार के इलाके का सीधा संपर्क झारखंड के कई शहरों से हो सकेगा। इससे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार एवं देश के अन्य राज्यों से झारखंड की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा नये अवसर प्राप्त होंगे, जिससे लोगों की बेरोजगारी दूर होगी। परियोजना के बारे में बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि गढ़वा के श्रीनगर एवं रोहतास के पंडुका के बीच करीब दो किलोमीटर लंबा ब्रीज बनाया जा रहा है। जिसकी स्वीकृति सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा की गयी है। इस पुल के निर्माण से गढ़वा जिले के मझिआंव, कांडी, विशुनपुरा, बरडीहा, भवनाथपुर आदि प्रखंड के लोगों को वाराणसी जाने के लिए 80 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी होगी। पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला आदि जिलों के अलावा छत्तीसगढ़ की ओर से आने वाले यात्रियों को जीटी रोड़ पकड़ने या वाराणसी जाने के लिए तीसरा विकल्प उपलब्ध हो जायेगा। वर्तमान में यह सड़क पथ निर्माण विभाग, गढ़वा (झारखंड सरकार) के पास है। इस जिले से तीन राज्यों की सीमायें मिलती है इसलिए राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित की जाय। इस सड़क को फोरलेन में परिवर्तित किये जाने से रोहतास (बिहार) से गढ़वा (झारखंड) की दूरी कम हो जायेगी, जिससे इस राज्य के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से आवागमन के साथ व्यापारिक एवं उद्योग लगाने की नई संभावनाएं विकसित होगी, जिससे सवार्गीण विकास होगी। सांसद ने कहा कि झारखंड राज्य के पलामू एवं गढ़वा जिले पिछड़ा एवं नक्सल बहुल्य क्षेत्र में आता है, जिसके विकास के लिए नये राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण अति आवश्यक है। इसे फोरलेन में परिवर्तित करने हेतु अपने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश देने की कृपा करें, ताकि उपरोक्त वर्णित सभी परियोजनाओं पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकें।

## आमने-सामने बाइक टक्कर में एक युवक की मौत, दूसरा घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के पतहरिया स्कूल के पास मंगलवार को आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार बरडीहा थाना अंतर्गत सेमरी गांव निवासी उमेश रजवार के 18 वर्षीय पुत्र दुर्गेश रजवार मेराल की तरफ से अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ घर लौट रहा था, की पतहरिया स्कूल के पास सामने से आ रहे बाइक, जिस पर चार लोग सवार थे कि आमने-सामने टक्कर हो जाने पर दुर्गेश रजवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि मृतक के साथ एक व्यक्ति जमायत अंसारी घायल है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पाकर मेराल थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच कर घटना की जानकारी लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के पिता उमेश रजवार बाहर में मजदूरी का कार्य करते हैं, जो अभी घर पर भी नहीं है।

## रमना में खुला ओला इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड के थाना मोड के समीप ओला इलेक्ट्रानिक बाईक शो रूम का उद्घाटन संचालक नितेश कुमार दुबे,समाजसेवी दिनेश गुप्ता, धनंजय गुप्ता ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर संचालक नितेश कुमार ने कहा कि देश में भविष्य में होने वाले पेट्रोल के किल्लत को समझते हुए हमारी कंपनी ने 2020 ई में पूरे देश ओला के कई किस्म के बाईक, स्कूटी का लांच किया है, ताकि पेट्रोल के बचत के साथ लोगों का पैसा का भी बचत हो। बताया कि एक बार गाड़ी को फूल चार्ज करने के बाद 50 से 350 किलोमीटर तक का दूरी तय किया जा सकता है। इस प्रकार हमारा साथ ही हमारे देश को पेट्रोल के किल्लत से निजात मिलेंगी। उन्होंने बढ़-चढ़ कर कंपनी पर विश्वास कर इलेक्ट्रॉनिक बाइक को अपने घरों का सदस्य बनायें। वहीं दिनेश गुप्ता ने कहा कि रमना जैसे जगहों पर इस तरह का शोरुम का उद्घाटन होना शुभ संकेत है। मौके पर कमलेश कुमार, पंकज कुमार, चंदन कुमार, बबलू गुप्ता, अरविंद कुमार, रिंकू यादव, विशाल गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को कुछ जगहों पर मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मंगलवार को मूर्ति विसर्जन की संख्या कम रही, इसका मुख्य कारण खर दिन मंगलवार का होना। शास्त्रों के अनुसार खर दिन रविवार और मंगलवार को बेटी की विदाई वर्जित है। कोई विशेष परिस्थितियों में हीं विदाई किया जा सकता है। यही कारण रहा कि मंगलवार को मूर्ति का विसर्जन की संख्या कम रही। भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती से दो, सरस्वती पूजा कमिटी नवडीहा, उमवि मझिगावां पूर्व सहित कई पूजा पंडालों में मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। अधिकांश पूजा पंडालों में स्थापित मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को होगा। इससे पूर्व पूजा अर्चना के आज दूसरे दिन सभी पूजा पंडालों में हवन संपन्न हुआ। पंडित पुरोहितों ने हवन यज्ञ संपन्न कराया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

## भाजपा संगठन पर्व को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**बुथ अध्यक्ष, मंडल और जिलाध्यक्ष का चयन चुनाव के माध्यम से होगा : दिनेशानंद गोस्वामी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा संगठन पर्व को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला पिंडरा स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा पुर्व प्रदेश अध्यक्ष सह गढ़वा जिला पर्यवेक्षक दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें आंतरिक लोकतंत्र कायम है। उन्होंने कहा कि जिले में इस बार बुथ अध्यक्ष से लेकर मंडल एवं जिलाध्यक्ष तक का चयन चुनाव के माध्यम से होगा। जिस मंडल में बुथ कमिटी का गठन पुरा नहीं होगा, उस मंडल में चुनावी प्रक्रिया को रोक दिया जायेगा। भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह गढ़वा जिला चुनाव अधिकारी अमरदीप यादव ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है, कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का चुनाव को लेकर पांच से सात फरवरी तक मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को पुर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय विनोद तिवारी, कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मधुलता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरज गुप्ता गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, भाजपा पुर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी मीना गुप्ता जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : नरेश प्रसाद सिंह

**नया सवेरा नया उजाला के तत्वाधान में फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 स्थित खजूरी गांव के ढावी पर मैदान में नया सवेरा नया उजाला के तत्वाधान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक नरेश प्रसाद सिंह, अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हर चीज के दो पहलू होते हैं, हार और जीत। खेल में हारने वाले खिलाड़ी को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच नगर पंचायत क्षेत्र के दुबे तहले फुटबॉल टीम और पलामू जिला के कुटमू बरवाही फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। समाचार लिखे जाने तक मध्यांतर से पूर्व बरवाही की टीम ने एक वोट से बढ़त बनाये हुए थी। रेफरी की भूमिका अरविंद कुमार राम ने जबकि लाइनमैन की भूमिका संजय राम और कामेश्वर राम ने निभायी।



विधायक नरेश प्रसाद सिंह फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए।

मौके पर युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, एस आई नसीम अंसारी, प्रेमानंद त्रिपाठी विवेक सोनी आनंद तिवारी बद्री शर्मा बलराम मेहता, अमरुद्दीन, धर्मेंद्र कुमार पांडे, सत्येंद्र तिवारी सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आयोजित जनसुनवाई में ओखरगड़ा पूर्वी पंचायत के दो योजना धरातल पर नहीं पाये जाना तथा माफी पुस्तिका से अधिक भुगतान करना दस्तावेज नहीं मिलने का मामला जनसुनवाई में उजागर हुआ। जनसुनवाई में मामला आने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित लोगों द्वारा सामाजिक अंकेक्षण दल के सदस्यों के साथ हो हंगामा करने लगे। ऐसी स्थिति देखकर के इस मामले का जनसुनवाई स्थगित कर दिया गया। इस संबंध में डीआरपी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पंचायत में जो मामला मार्गदर्शिका के अनुरूप निर्णय नहीं हुआ था।



उस मामले को सामाजिक अंकेक्षण इकाई प्रखंड स्तरीय पैनल के पास उठाने की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया, जिस पर प्रमुख द्वारा पंचायत में जो भी मामले का निर्णय हुआ, उसकी समीक्षा प्रखंड में नहीं की जायेगी, यही बात कहते हुए जनसुनवाई कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। डीआरपी सुनील कुमार तिवारी का कहना है कि ऐसे गंभीर मुद्दे जिन पर निर्णय पंचायत में मनरेगा मार्गदर्शीका के अनुकूल निर्णय नहीं हुआ है, उन मुद्दों को अगले पैनल में रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड में सभी मुद्दे को रखना चाहिए। इस अवसर पर मनरेगा लोकपाल सुशील कुमार तिवारी प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी बीडीओ सतीश भगत उप प्रमुख नेजाम खान बीपीओ आदम अली जे ई फिरोज अंसारी, बीएनपी अमित कुमार यादव, विजय मेहता सहित पंचायत सचिव रोजगार सेवक मुखिया मनरेगा मटेरियल सप्लायर आदि लोग उपस्थित थे।

## हरिहरपुर : विधानसभा सत्र में हाई स्कूल की मांग को उठायेंगे: अनंत प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के मुख्य बस्ती में व नवडिहवा टोला पर हुए भक्ति जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार की रात्रि में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव ने फीता काटकर किया। मां शारदे से आशीर्वाद लेने के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि आज मां सरस्वती का आशीर्वाद लेने का मौका आप लोगों ने दिया, इससे मैं धन्य हो गया। वहीं मझिगावां पंचायत की ओर से जनता ने एक मांग पत्र दिया, जिसमें मझिगावां पंचायत में एक हाई स्कूल की मांग



की गयी। दिये गये आवेदन में सभी ग्रामीणों ने जिक्र किया है कि इस पंचायत के विद्यालय के बाद खुले बगल के (हरिहरपुर, रपुरा, डूमरसोता) विद्यालय को हाई स्कूल कर दिया गया, पर मझिगावां में अभी तक हाई स्कूल नहीं होने के कारण यहां के बच्चे बच्चियों को 5 से 6 किलोमीटर दूर आठवीं के बाद की पढ़ाई पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि विधानसभा सत्र में इस विषय को वह अवश्य उठायेंगे। मौके पर भास्कर युवा क्लब के अध्यक्ष शंभू नाथ साह, उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा, मुन्ना साह, मुकेश चौबे, सत्यप्रकाश चौबे, जितेंद्र चौबे, रामप्यारी ठाकुर सहित कमिटी के कई लोगों का नाम शामिल है।

## कैंसर से डरें नहीं, जानकारी और बचाव ही इलाज है : डॉ पतंजलि

**आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने विश्व कैंसर दिवस मनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के साईं मुहल्ला स्थित आरपी सेवा सदन में आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस दौरान मरीज और उनके परिजनों सहित उपस्थित अन्य लोगों को कैंसर से संबंधित जानकारी दी गयी। बचाव और समय रहते समुचित इलाज के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शल्य चिकित्सक डॉक्टर मनोज दास ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए लोगों में जागरूकता आवश्यक है। विश्व कैंसर दिवस इसी पर केंद्रित है। जन जागरूकता से ही कैंसर पर काबू पाया जा सकता है। लोग खुद भी बचेंगे और दूसरे को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करेंगे। हमारी मातायें, बहनें सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर आदि गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं। बेस्ट कैंसर से बचने के लिए छह माह तक बच्चों का स्तनपान जरूरी है। महिलाओं में जागरूकता के लिए विश्व स्तनपान दिवस भी मनाया जाता है । डॉक्टर पातंजली केसरी



ने कहा कि कैंसर से डरने की आवश्यकता नहीं है। जानकारी और बचाव ही इसका सही इलाज है। गुटखा, तंबाकू आदि नशाजनित मादक पदार्थों से परहेज कर समय पर समुचित इलाज से हम कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निजात पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग गुटखा का सेवन नहीं करें। गुटखा मुंह के कैंसर का प्रमुख कारण है। आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सह परामर्श शिविर लगाया जाता है। इस दौरान भी लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि भोजन में पत्तेदार सब्जी, फल आदि का सेवन करें ताकि शरीर के अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी ना हो। इसके अतिरिक्त शारीरिक गतिविधि को सक्रिय रखने पर भी जोर दिया।

मौके पर डॉक्टर अंजली, संगीता कुमारी, खुशी कुमारी, सुनील कुमार, अमित कुमार, रंजना कुजूर, शमां परवीन, मोहम्मद जावेद, शुभम रंजन, प्रीतीला तिर्की, बबीता कुमारी सहित काफी संख्या में मरीज और उनके परिजन संहिता अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
मंडल कारा, चतरा ई0–निविदा सूचना
e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Q2 &Yrl. / 2025-26 /218

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त अतिअल्पकालीन ई०–निविदा का आमंत्रण। (1) द्वितीय त्रैमासिक ई0 निविदा– 01.04.2025 से 30.06.2025 तक) (2) वार्षिक अवधि ई0 निविदा दिनांक– 01.04.2025 से 31.03.2026 तक |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि–10.02.2025 के पूर्वाहन 11 .00 बजे से 18.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजेतक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि–10.02.2025 के पूर्वाहन 11 .00 बजे से 18.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजेतक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 19 .02.2025 के पूर्वाहन 11 .00 बजे से 20.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजेतक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/–से अधिक होने पर) जमा करन की तिथि | तिथि– 19 .02.2025 के पूर्वाहन 11 .00 बजे से 20.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजेतक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 21.02.2025 को अपराहन 3 .00 बजे अपर समाहर्त्ता, चतरा के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, चतरा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders. gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम सेप्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 345668 Home, Prison And Disaster Management (24-25)D
अधीक्षक मंडल कारा, चतरा

# जेजेएमपी के दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## नक्सली मुख्य धारा से जुड़ें, सरकार सभी सुविधा मुहैया करायेगीः एसपी

मुकेश कुमार सिंह




**लातेहार।** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लातेहार एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर के समक्ष राज्य सरकार की पुनर्वास नीति नयी दिशा से प्रभावित होकर मंगलवार को जेजेएमपी के दो सक्रिय सदस्य चंदन प्रसाद और पप्पू साव ने एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए लातेहार के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने कहा कि ये दोनों उग्रवादी राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यह लातेहार पुलिस की बड़ी सफलता है। इससे जेजेएसमपी को बड़ा झटका लगेगा। जिले में सीआरपीएफ, कोबरा, जिला पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी का नतीजा है कि नक्सलियों के इस क्षेत्र से पांव उखड़ रहे हैं। अब जिले में नक्सलियों की संख्या नाम मात्र की बची है। पुलिस के अभियान के कारण कई नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या गिरफ्तार किए जा रहे है। मेरा उन बचे हुए नक्सलियों से अपील है कि जो जंगल में भटक रहे है या तो वे मुख्यधारा से जुड़ जाएं या हिंसा छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें।

**अब नक्सलवाद का दौर खत्मः कुमार गौरव**

वहीं दोनो नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि अब नक्सलवाद का दौर खत्म हो गया है। यह सफलता सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और लातेहार के पुलिस अधिकारियों और जवानों की है। अब जिले में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां सीआरपीए, कोबरा, जगुआर या जिला पुलिस की मौजूदगी नहीं है। बचे हुए नक्सली भी अब मुख्यधारा से जुड़े जायें। आत्मसमर्पण करने वालो सक्रिय सदस्य प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सदस्य पप्पु साव उम्र 32 वर्ष पिता -रामचन्द्र साव सा० होसिर थाना छिपादोहर जिला लातेहार एवं चन्दन प्रसाद उम्र 30 वर्ष पिता गोपाल साव सा० होसिर वर्तमान छिपादोहर चौक नाका के पास दोनो थाना छिपादोहर जिला लातेहार शामिल हैं। ये दोनो पिछ्ले कई वर्ष पुर्व से ही जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में शामिल होकर सक्रीय सदस्य है एवं ये बालुमाथ, चन्दवा, लातेहार, छिपादोहर एंव उनके सीमावर्ती क्षेत्रो में कई अपराधिक

# ट्रकों के बीच टक्कर में दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप पंचायत में राष्ट्रीय मार्ग पर ही सेन्हा ग्राम के समीप मंगलवार सुबह हुई दो ट्रकों के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। वंही दो अन्य लोग घायल हो गये हैं। मृतकों की पहचान लातेहार थाना क्षेत्र के धनकरा गांव निवासी राजू उरांव पिता राजगीर उंराव और कन्नौज (यूपी)निवासी ट्रक का खलासी अंकोल कुमार पिता जयवीर सिंह के रूप में की गई है। वहीं घायलों में भोला उरांव पिता श्यामलाल उंराव लातेहार और सुनील कुमार पिता अंगद सिंह कन्नौज का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमशेदपुर से सीमेंट लेकर ट्रक जेएच 19 बी 9340 लातेहार की ओर आ रही थी वहीं दूसरी ट्रक सीजी 13 एई 7023 दिल्ली से उड़ीसा जा रही थी। इसी बीच चंदवा थाना क्षेत्र के लाधूप सेन्हा के पास दोनों ट्रकों में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गये और चालक उपचालक ट्रक में ही फंस गये थे। इस दौरान सड़क की दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। चंदवा पुलिस के द्वारा जेसीबी के माध्यम से ट्रक में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया व घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से चंदवा अस्पताल भेज सड़क पर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया। घटना की सूचना मिलते ही ट्रक चालक राजू उंराव की पत्नी समेत उसके परिजन अस्पताल पहुंचे जहां उनका रो रोकर बुरा हाल था। परिजनों का कहना था कि दुर्घटना के बाद राजू ट्रक के अंदर फंसे होने के बावजूद बात चीत कर रहा था, अगर समय रहते मृतकों को अस्पताल पहुंचाया जाता, तो शायद उसकी जान बच जाती।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**बारियातू(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य पथ स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के समिप एनएच-22 पर सोमवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने तीन मोटरसाइकिल सवार युवकों को टक्कर मार दी और वाहन मौके से फरार हो गया।इस दुर्घटना में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।मृतक की पहचान संजीत उरांव,19 पिता स्वर्गीय चैतू उरांव, के रूप में किया गया है।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार सिंह सदलबल घटना स्थल पर पहूंचे और शव को कब्जे मे कर घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां डाक्टर सुरेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के पश्चात संदीप उरांव, 18 पिता ब्रह्मदेव उरांव को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया, जबकि अमन उरांव 17 पिता विशुन्देव उरांव की स्थिति सामान्य होने पर उसे इलाज के पश्चात घर भेज दिया गया। घायल अमन उरांव, ने बताया कि हम तीनों मित्र अपने गांव छापाटोला से बाईक द्वारा अपने मित्रों से मिलने डाढा पंचायत के गोखलाबागी जा रहे थे। इसी दौरान नचना स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप विपरित दिशा से आ रही एक वाहन ने अपने लाईट से चकमा देते हुए रौंद कर फरार हो गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के पश्चात संजीत उरांव का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। संजीत के पिता का निधन 10 वर्ष पूर्व ही हो गयी है। वह अपनी मां कतोईया मसोमात और एक छोटे भाई के साथ रहता था ।**

**घर का खर्च उसकी मां किसी तरह चला रही थीं। की अचानक हुई इस घटना से मां बेसुध हो गयी है।**

# प्रतिमा विसर्जन के साथ सरस्वती पूजा धूमधाम से संपन्न



**बारियातू(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में सोमवार को सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों सहित सौ से अधिक स्थानों पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। मंगलवार को विधिवत प्रतिमा विसर्जन के साथ यह महोत्सव संपन्न हुआ।पूजा को लेकर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं पूजा समितियों द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की आराधना की। पूरे क्षेत्र में इस पर्व को लेकर भक्तिमय माहौल बना रहा।प्रखंड मुख्यालय सहित डाढा, फुलसू, बालूभांग, गोनिया, शिबला, टोंटी, साल्वे और अमरवाडीह पंचायत के विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल भी बनाए गए थे। श्रद्धालुओं ने विभिन्न पूजा स्थलों पर जाकर मां सरस्वती के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण करते रहे और मंगलवार को प्रतिमा विसर्जन को सुचारू रूप से संपन्न कराया।पूरे क्षेत्र में सरस्वती पूजा के इस पावन अवसर पर उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा।**

# प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभगार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति का बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी बैंक कर्मियों के किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना,मनरेग योजना के लाभुकों का खाता में सुधार,आरसीटी,प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया। बीडीओ संग्राम मुर्मू ने सभी बैंक कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना के लाभुकों का मजदूरी भुगतान में प्रखंड स्तर से राशि का भुगतान होने पर बैंक खाता में स्थानांतरित नही होने पर पासबुक का अपडेट कर या स्टेटमेंट द्वारा मजदूरों को राशि देने और अबुवा आवास का अग्रिम राशि को ऋण में कटौती नही करने का निर्देश दिया गया और अबुवा आवास,मनरेगा के सभी लाभुकों का आधार सीडिंग में सुधार करने का और सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत लाभुकों का गलत आधार नंबर इंट्री होने के कारण पेंशन राशि की निकासी में हो रही परेशानी को सुधार करने का निर्देश दिया गया और पेंशन के जो लाभुक अति दिव्यांग व असहाय हैं। जिन्हें पैसे की निकासी करने में काफी परेशानी होती है। वैसे लोगों के लिये नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र से पैसा निकासी का व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। मौके पर प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, बीपीआरओ सुजीत उरांव, प्रखंड नाजिर महावीर असुर के अलावे शशि कुमार,अजहरुद्दीन अंसारी समेत बैंक ऑफ इंडिया बुटी, सीठीयो,सेन्हा,बदला और ग्रामीण बैंक सीठीयो के बैंक कर्मी उपस्थित थे।

# बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मनरेगा दिवस और वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मनरेगा दिवस के अवसर पर दिनांक 03.02.2025 से 08.02.2025 तक मनरेगा सप्ताह का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में सभी संबंधित को तिथिवार किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड / पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, मजदूर, महिला मजदूर, दिव्यांग आदि की भागीदारी सुनिश्चित किया जाये। बिरसा हरित ग्राम योजना का क्रियान्वयन पूरे राज्य में वृहद पैमाने पर किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए जाने वाले बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत वृक्षारोपण संबंधी योजनाओं की स्वीकृति करने के साथ प्रथम वर्ष का कार्य यथा गड्ढा खुदाई, नाडेप पिट निर्माण, जानवर रोधक खाई का निर्माण, निविदा प्रक्रिया आदि मार्च माह तक आवश्यक रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा महत्त्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना चलाई जा रही है। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी, अमरूद बागवानी, छायादार वृक्षारोपण, मिश्रित फलदार पौधों की बागवानी को प्रोत्साहित करना है। उपायुक्त ने मिश्रित बागवानी के द्वारा आमजनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में मिश्रित बागवानी के तहत किसानों को आम, नीबू, अमरूद और इमारती पौधा लगवाने के लिये प्रेरित करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में बगवानी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा किया गया। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किए जा रहे बगवानी में फलदार पौधा आम के पौधों के रोपण से पूर्व एवं पौधे के संरक्षण करते हुए फल उपज तक किए जाने वाले कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से अलग अलग प्रारूप के तहत पौधों के बीच की दूरी, गड्ढा खुदाई, गड्ढा भराई, कीटनाशक दवाई, समय पर खाद छिड़काव एवं पौधों के संरक्षण हेतु किए जाने वाले कार्यों , पौधारोपण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी तथा फलदार पौधों के समय पर फल उपज एवं उसके विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों को बताया गया।

# प्रखंड मुख्यालय में मनरेगा दिवस का आयोजन



**सेन्हा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में बीपीओ रघुनाथ मुंडा की अध्यक्षता में मनरेगा दिवस के अवसर पर मनरेग सप्ताह का आयोजन किया गया। मनरेगा योजना भारत का एक गारंटी रोजगार योजना है, जिसके अंतर्गत देश के ग्रामीण मजदूर किसानों को रोजगार देने के उद्देश्य से फरवरी 2006 में लागू किया गया है। वहीं मनरेगा भारत सरकार का महत्वाकांक्षी योजना भी है, जिस निमित मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मजदूरों को 100 दिन का रोजगार प्रदान कर बेरोजगारी को दूर करने का मुख्य उद्देश्य है।वही रोजगार गारंटी योजना को लागू करने के पश्चात 2009 में इसे संसोधित कर मनरेगा किया गया.जिस निमित मंगलवार को मनरेगा दिवस पर प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत के पंचायत सचिव डॉली तिर्की व रोजगार सेवक संजीव उरांव द्वारा रोजगार सृजन कर पंचायत क्षेत्र के 102 गरीब परिवार के सदस्यों को 100 दिन का रोजगार के लिये और उगरा पंचायत के सचिव आरती चेरमाको और प्रवीण कुमार द्वारा पंचायत में अधिक परिसम्पत्ति तैयार करने के लिये पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर जेई सूरज राम,पंचायत सचिव नागमनी उरांव,रोजगार सेवक शहजादा शैफ, कृष्णा, अंजू कुमारी,रेखा कुमारी, अंजू तिर्की के अलावे प्रमेन्द्र कुमार, प्रतिभा,शिवानी सदानंद,सोनम कुमारी समेत अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।**

# मां चंडी बाड़ी सोनार मोहल्ला में भंडारा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर मां चंडीबाड़ी सोनार मोहल्ला में मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर लोहरदगा जिला के डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भव्य भंडारे का शुभारंभ किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भक्तिभाव से मां सरस्वती की आराधना की। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और इस पावन अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोहरदगा डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण का भव्य स्वागत किया गया। नवाडी पाड़ा सोनार मोहल्ला सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष गौरव कुमार सोनी, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष प्रियांशु कुमार सोनी, सचिन हर्षित राय ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने माँ सरस्वती की स्तुति करते हुए कहा कि मां सरस्वती केवल विद्या और ज्ञान की देवी ही नहीं, बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति और सृजनशीलता का स्त्रोत भी हैं। उनकी कृपा से बुद्धि प्रखर होती है, वाणी में माधुर्य आता है और विचारों में शुद्धता बनी रहती है। जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी साधना करता है, वह जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है।

# स्टेट बैंक की शाखा में चोरी की कोशिश


आजाद सिपाही संवाददाता




**कुडू ।** चंदवा थाना के बरवाटोली स्थित स्टेट बैंक में बीते रविवार की रात एक बार फिर चोरी का असफल प्रयास किया गया है। चोरी की घटना की जानकारी बैंक कर्मियों को सोमवार की सुबह हुई। सुचना के बाद बैंक कर्मियों के साथ चंदवा थाना के पुलिस निरीक्षक रंधीर कुमार सिंह ने बरवाटोली पहुंच मामले की जांच की। बैंक के पीछे की गई सेंधमारी और तोड़े गए ग्रिल के ताले की जानकारी ली है। साथ ही जोनल ऑफिस के कई अधिकारियों ने भी बैंक का निरीक्षण किया है। हालांकि सभी चोरी औत क्षति की जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस चोरों के सुराग के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने सहित अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले बैंक के पीछे दीवार तोड़ने के बाद बैंक में घुसे और गेट एवं ग्रिल में लगे पांच ताले को तोड़ अंदर घुसे। और बैंक के उस लॉकर को तोड़ने का प्रयास किया, जिसमें बैंक के पैसे रखे थे। हालांकि चोर उसे तोड़ने में असफल रहे। वहीं अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों द्वारा बैंक में लगे सीसीटीवी को डिस्कनेक्ट करने के लिए कैमरों पर स्प्रे भी किया गया है। ज्ञात हो कि इस शाखा में पुर्व में भी चोरी के प्रयास और चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। 12 अगस्त 2018 को वेंटिलेटर तोड़कर 4 कंप्यूटर के एलसीडी की चोरी कर ली गयी थी।

# पूजन के बाद किया गया प्रतिमा का विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की श्रद्धाभाव से पूजन कर मंगलवार को प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं मूर्ति विसर्जन से पूर्व भंडारा का आयोजन किया गया, तो कहीं माता सरस्वती की आरती उतारी गया, जिस निमित प्रखंड क्षेत्र के कल्हेपाट में छात्र छात्राओं और ग्रामीण युवक युवतियों द्वारा भंडारा का आयोजन कर सभी लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वही छात्र छात्रओं और युवक युवतियों द्वारा भक्तिभाव से हर्षोल्लास के साथ भक्ति गीतों में नाचते थिरकते मां सरस्वती का प्रतिमा को प्रखंड क्षेत्र के नदी,तालाब और जलाशयों में विर्सजित कर ज्ञान की देवी माता सरस्वती की आरती उतार कर भावपूर्ण विदाई दी गयी। साथ ही छात्र-छात्राओं और श्रद्धालु भक्तों द्वारा मां सरस्वती से विद्या व ज्ञान का वरदान देने के लिये मङ्गल कामना की गयी। मां सरस्वती का विदाई और विसर्जन से पहले जुलूस में शामिल विद्यार्थियों एवं बड़े बुजुर्गों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का बधाई दिया गया.तथा उमंग से नाचते गाते हुए माँ को नदी तालाब और जलाशयों में विसर्जित किया गया.वही सरस्वती माता,वीणापाणी,मां शारदे का जयघोष से पूरा प्रखंड क्षेत्र में माहौल भक्तिमय हो उठा। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा विसर्जन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी थी। वही प्रखंड क्षेत्र के अन्य जगहों पर बुधवार को भी मूर्ति का विसर्जन किया जायेगा।

# थम नहीं रहा हाथियों का उत्पात, घरों को क्षतिग्रस्त कर चट कर रहे अनाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो।** हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा है। कैरो प्रखंड की बात हो या भंडरा, कुंडू प्रखंड सभी जगह हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान है और वन विभाग के अधिकारियों के नाक में दम कर रखा है । आये दिन हाथी किसी गांव में आकर ना सिर्फ घरों को क्षतिग्रस्त पहुंचा रहा है, बल्कि घर में रखे अनाज और खेतों में खड़ी फसलों को खाकर बर्बाद कर रहा है और अब तो ग्रामीण भी हाथियों के उत्पात से डरे-सहमे नजर आते हैं ।यहां पर बता दें कि कैरो थाना क्षेत्र में 14 जंगली हाथियों के झुंड ने धावा बोला रात लगभग 10 बजे झुंड सुकुरहुटू जंगल से निकलकर छोटा गांव पहुंचा हाथियों को देख कर लोग घरों से निकलकर टिना पीटने लगे, पटाखे छोड़ कर हाथियों को भगाया गया लोग घरों से निकल कर सुरक्षित जगह जाने लगे हाथियों ने गांव में लगभग तीन घंटे उत्पात मचाया खेतों में लगी आलू, मटर की फसल को रौंद डाला भागने के क्रम में हाथियों ने गांव के अंतिम छोर में बने दो घरों को निशाना बनाया धान को खाया, चावल चट कर गए हाथियों ने विचरण करते सब्जियों के बागान को भी पैरों से रौंद डाला।

# सरस्वती पूजनोत्सव श्रद्धाभाव से संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मां सरस्वती पूजा धूमधाम से किस्को मोड़ शांति नगर में मनायी गयी।

शिक्षण संस्थानों एवं विद्यार्थियों द्वारा भव्य रूप से पूरे विधि विधान के साथ विद्या दायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। सरस्वती पूजा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे विशेष रूप से विद्या, कला और संगीत की देवी, मां सरस्वती की पूजा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थी अपने किताबों और साहित्य का पूजन करते हैं।

आज धूमधाम से मां सरस्वती के प्रतिमा को नम आंखों से देवस्थल स्थित सरोवर में विसर्जन किया गया। पूजन में प्रीति तिवारी, दिव्यांशु यादव, हर्ष शाहदेव, शौर्य सिंह, रणवीर सिंह, अस्मित गोप, नेचुरल नक्षत्र, आनंद कुमार, वैष्णवी गुप्ता, रिद्धि पाण्डेय, गुड्डुस गुप्ता, शंकर साहू एवं मातृ शक्ति उपस्थित रहे। पुरोहित की भूमिका में आचार्य सूरज मिश्रा की अगुवाई में संपन्न हुए।

### पलामू सांसद ने सदन में उठाया चियांकी एयरपोर्ट से विमान परिचालन का मुद्दा, कहा-

# सरकार की उदासीनता के चलते चियांकी एयरपोर्ट से नहीं शुरू हो रही विमान सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीनगर के चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार एवं विमान का परिचालन शुरू करने संबंधी मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि चियांकी एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत उड़ान योजना में सम्मिलित किया गया है। पर राज्य सरकार की उदासीनता के कारण विमान का परिचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। विदित हो कि



पलामू सांसद विष्णु दयाल राम।

डालटनगंज से रांची-कोलकाता, रांची-डालटनगंज एवं डालटनगंज-पटना-वाराणसी-पटना-डालटनगंज के मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की गयी थी। पर चियांकी एयरपोर्ट की बाउंड्री सुरक्षित नहीं है से संबंधित प्रतिवेदन जिला से राज्य सरकार को प्राप्त हो चुका है। राज्य सरकार की ओर से इस दिशा में वांछित कार्रवाई नहीं कि जा रही है, जिससे पलामू एवं आस-पास के जिले के निवासियों को विमान यात्रा की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यदि हवाई यात्रा की सुविधा डालटनगंज से रांची-कोलकाता-रांची-डालटनगंज एवं डालटनगंज-पटना-वाराणसी-पटना- डालटनगंज तक की प्राप्त हो जाती है तो इस क्षेत्र को औद्योगिकृत करने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी। गौरतलब हो कि आज के दिन में कोई भी उद्यमी रांची से डालटनगंज और डालटनगंज से रांची की यात्रा में 6 से 7 घंटे व्यतीत करना नहीं चाहता है। यदि हवाई यात्रा की सुविधा मिल जाती है तो यह यात्रा डेढ़ घंटे से भी कम समय में रांची से डालटनगंज एवं डालटनगंज से रांची की पूरी हो जाएगी। सांसद ने कहा कि सदन के माध्यम से केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मांग है कि मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार एवं विमान का परिचालन शुरू कराने की पहल करें।

## मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश, सभी फोन बरामद, दो लोग गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू/पलामू।** मनातू थाना क्षेत्र में मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर लाखों रुपये के मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही पदार्फाश कर दिया। पुलिस की तत्परता से चोरी के करीब पांच लाख रुपये के लगभग सभी मोबाइल और अन्य सामान बरामद कर लिया गया है। हालांकि, गिरोह का मास्टरमाइंड महफूज आलम अभी भी एक महंगा मोबाइल लेकर फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक मनातू थाना क्षेत्र के पदमा स्थित एसबीआइ के सामने आशीष कुमार नामक व्यक्ति की मोबाइल फोन की दुकान है। जिसमें दो फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने दुकान के वेंटिलेटर को तोड़कर भीतर घुसने के बाद 29 स्क्रीन टच मोबाइल, तीन ईयर बड्स और एक लाल रंग का बॉक्स चोरी कर लिया। जिसकी अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर मनातू थाने में मामला दर्ज किया गया था। साथ ही घटना की गंभीरता को देखते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें शामिल मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, एसआई संतोष कुमार गुप्ता, एएसआई सत्येंद्र कुमार, एएसआई तुराम पुरती और सशस्त्र बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के 28 मोबाइल फोन, तीन ईयर बड्स और लाल रंग का बिल बॉक्स बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने नावाजयपुर थाना क्षेत्र के रूदीडीह निवासी तकरीम अंसारी उर्फ बबल (19) और मनातू थाना क्षेत्र के पदमा ग्राम निवासी अरमान खान (16) नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि इस गिरोह का मुख्य साजिशकर्ता महफूज आलम (24) फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट, एक दर्जन घायल, एक गंभीर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** देवरी ओपी अंतर्गत देवरी खुर्द पंचायत के पुरनाडीह गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। जिसमें दोनों पक्षों के 12 लोग घायल हो गए। उनके नाम सरोज राम, आदित्य कुमार, रामदेव राम, सूरज कुमार, विमलेश कुमार, ओम प्रकाश, छाया कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रियंका कुमारी, निर्मला देवी, हरमिनी देवी और गुंजन देवी शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने देवरी ओपी के सहयोग से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर रूप से घायल सरोज राम को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया है। इस बाबत सरोज राम ने बताया कि 13 डिसमिल जमीन को लेकर उसके गोतिया रामदेव राम के बीच विवाद चल रहा था। जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों और हुसैनाबाद सीओ ने समझौता कराया था। पर रामदेव राम अपने आठ डिसमिल जमीन पर कब्जा कर घर का निर्माण कर रहे थे। समझौता के बाद उस समय हमलोगों ने निर्माण कार्य में कोई रूकावट नहीं किया। पर जब मंगलवार को हमने अपने जमीन पर घर निर्माण के लिये ईंट गिरवाया तो इस बात को लेकर रामदेव राम और उनके परिवार के लोगों ने मारपीट कर परिवार के सात सदस्यों को घायल कर दिया। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मां सरस्वती को नम आंखों से दी विदाई

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मां सरस्वती की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इस दिन सुबह से ही प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम होते-होते लगभग सभी जगहों पर प्रतिमा विसर्जित कर दिया गया। इस दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए हुसैनाबाद की पुलिस क्षेत्रों में गस्त लगाती रही।

## संस्कार युक्त शिक्षा ही संत मरियम को दे रही ऊंची उड़ान: प्रोफेसर एससी मिश्रा




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। छात्रावास में अध्यनरत विद्यार्थियों ने पंडाल तैयार किया और उसे आकर्षक ढंग से सजाया। विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धा और भक्ति भाव से मां सरस्वती की पूजा की। पंडित एनएन मिश्रा ने पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। वहीं, छात्रों ने सभी शिक्षकों के पांव धुलकर अंग वस्त्र प्रदान किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रोफेसर एससी मिश्रा, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामदेव यादव, सचिव अजय पांडेय, कोषाध्यक्ष किशोर पाठक, लिलीपुट स्कूल के निदेशक राजीव गोयल, इंस्पेक्टर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी उत्तम राय औक पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त रूप से किया। इनमें बाहर से आए पप्पू जी की टीम के कलाकारों ने मां सरस्वती के भजनों पर बच्चों को खूब झुमाया। जबकि विद्यालय के छात्राओं द्वारा नौ देवी के रूपों में सुशोभित नृत्य, क्षेत्रीय नृत्य ने अतिथियों-अभिभावकों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एससी मिश्रा ने कहा कि गुरुओं का सम्मान ही उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। परिसर में छात्रों द्वारा शिक्षकों के पांव धुलने व उन्हें अंग वस्त्र देने का दृश्य ने हमें अत्यंत प्रसन्न किया जो संत मरियम ने हमारी भारतीय परंपरा को जीवित रखा है। यही कारण है कि संत मरियम का संस्कार युक्त शिक्षा इसे ऊंची उड़ान दे रहा है। वहीं, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य को भी खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य एसवी शाहा ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, प्रवीण दुबे, मेंटर्स एडुसर्व के समस्त शिक्षक, समन्वयक रोशन राज, वकील ओंकार नाथ तिवारी आदि थे।

## मनरेगा सप्ताह के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत सचिवालय भवन में मंगलवार को मनरेगा सप्ताह के तहत मनरेगा दिवस मनाया गया। इससे एक दिन पहले विभिन्न गांवों में प्रभात फेरी निकाली गई। मुखिया विनय सिंह ने बताया कि तीन से 8 फरवरी तक मनरेगा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत मजदूरों को मनरेगा योजना संबंधित जानकारियां दी जा रही और नए जॉब कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस मौके पर रोजगार सेवक अशोक कुमार, आजीविका सखी मंडल की सक्रिय महिला ममता देवी, पार्वती देवी, नीलम देवी, कांति देवी, सहिया रेणु देवी और वार्ड सुरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## आधुनिक तकनीक से समूह बना कर व्यावसायिक खेती करने पर हुई चर्चा



हुसैनाबाद अनुमंडल स्तरीय बुद्धिजीवी किसानों की हुई बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल स्तर पर हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहमदगंज के बुद्धिजीवी किसानों की हैदरनगर स्थित देवी मंदिर प्रांगण में मंगलवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा और संचालन हैदरनगर प्रखंड के उद्यानमित्र रामसुंदर मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से किसानों की समस्या पर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती बेतहाशा मंहगाई के कारण किसान की हालत दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही। कभी अनावृष्टि तो कभी अतिवृष्टि के कारण फसल बर्बाद हो जाती है। अगर मौसम ठीक रहा तो जंगली जानवर नील गाय एवं अन्य जानवर से बर्बाद हो जाता है। कड़ी मेहनत के बाद अच्छी उत्पादन होती है मंडी नहीं होने के कारण उचित मूल्य नहीं मिलता है। किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाएं ज्यादातर अखबार के पन्ने पर ही चलता है। इन सभी समस्याओं से निजात पाने के लिए किसानों को समूह बनाकर नई तकनीक के तहत व्यावसायिक रूप से खेती करने की आवश्यकता है। सभी किसानों ने सर्वसहमति से निर्णय लिया कि किसान कल्याण समिति बनाई जाय और उसमें इच्छुक किसानों को शेयर होल्डर बनाकर राशि की व्यस्था की जाय। उस राशि से किसानों को उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता वाली खाद, बीज एवं कीटनाशक दवा मुहैया कराई जाएगी। सभी किसानों ने मिल कर 11 सदस्यीय मार्गदर्शन कमेटी बनाई जिसमें मोहमदगंज से विश्वनाथ प्रसाद मेहता, साधुचरण सिंह, हैदरनगर से अरुण पांडे, गोरख सिंह, संतोष कुमार पाल, मोहम्मद शबीर आलम, अभिषेक कुमार सिंह, जगनारायण मेहता, हुसैनाबाद से सुदर्शन सिंह, राकेश कुमार मेहता और प्रदीप सिंह को नामित किया गया है।

## बीएसएल सिक्यूरिटी विभाग ने काटी 23 दुकानों की बिजली

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट की जमीन पर अवस्थित 23 दुकानों की बिजली को सेल सिक्योरिटी विभाग ने काट दिया है। सभी दुकानों को करीब दो दशक पूर्व आवंटित किए जाने की बात कही जा रही है। इन दुकानदारों द्वारा प्रबंधन को बिजली बिल भुगतान नहीं किया जा रहा था। इसकी वजह से पदाधिकारियों द्वारा कदम उठाया गया। दूसरी ओर, कई दुकानों को सेल की जमीन पर बिना प्रबंधन कीअनुमति लिए विस्तारित करते हुए भूमि का अतिक्रमित किया जा रहा था। सिक्योरिटी इंचार्ज दिलीप सिंह शेखावत ने कहा कि कई बार इन दुकानदारों को पूर्व में नोटिस दी गई थी।

## डंडीला यूथ टीम क्वार्टरफाइनल में



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला जेबी उच्च विधालय के खेल मैदान में चल रहे भवानी सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को डंडीला यूथ क्रिकेट टीम और आजाद क्रिकेट क्लब के बीच प्रीक्वार्टरफाइनल मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद क्रिकेट क्लब ने 15.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 166 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने सात विकेट खोकर 169 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसके साथ डंडीला यूथ क्रिकेट टीम क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर गयी। बेहतर प्रदर्शन के लिये डंडीला टीम के हफनमौला खिलाड़ी अमजद को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। अमजद को ट्रॉफी रेहला रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह, समाजसेवी राजेश शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, कुमार कलिका सिंह व नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से दिया। इस मौके पर मनोज शुक्ला, सुशीला शुक्ला, राशबिहारी शुक्ला, चंद्रमणि दीक्षित, सोनू खलीफा, पंकज पासवान और मंगल गुप्ता आदि मौजूद थे।

## मधुमक्खी पालन से किसानों मिलेगा लाभ: बीडीओ



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू में जिला उद्यान विभाग की ओर से एसटी समुदाय और पीवीटीजी के 26 किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण मंगलवार को दिया गया। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण है, जिसमें प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक किसान को 20 बक्से प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण का उद्घाटन मनातू बीडीओ राज कुंवर सिंह और बीपीएम कुमारी नम्रता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीओ राज कुंवर सिंह ने कहा कि मधुमक्खी पालन से किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण गोस्वामी मधुमक्खी प्रशिक्षण केंद्र रांची के द्वारा प्रैक्टिकल और प्रशिक्षण केंद्र रांची की ओर से दिया जा रहा है।

## पुलिस की पहल पर खुला बंद विद्यालय का ताला



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रब्दी भंवराहा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का बंद ताला मंगलवार को पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार की पहल पर ग्रामीणों ने खोल दिया। बतातें चलें कि विद्यालय में सरस्वती पूजा नहीं मनाए जाने और शिक्षकों द्वारा शराब पीकर विद्यालय में आकर हंगामा करने के विरोध में अक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को विद्यालय में ताला जड़ दिया था। इसके विरोध में प्रधानाध्यापक रमेश राम ने मंगलवार को ओपी प्रभारी से शिकायत की। जिस पर संज्ञान में लेते हुए ओपी प्रभारी मंटू कुमार विद्यालय में पहुंच कर मामले की जांच की। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि सरस्वती पूजा नहीं मनाए जाने और शराब पीकर विद्यालय में आने का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए ताला बंद की थी। पर प्रधानाध्यापक और शिक्षक रामाशीष पासवान को सख्त हिदायत दे कर ताला खोलवा दी गई है और विद्यालय सुचारू कराया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामनंदन यादव, रामाधार यादव, राजेंद्र यादव, विरेंद्र यादव, विनोद यादव, समाजसेवी देवकुमार यादव, मनोज यादव, कमेश यादव, रोहित यादव और जितेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## आरएनडीपी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला-बीमोड़ स्थित आरएनडी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉड्यूल पेश किया। इसका उद्घाटन सेवानिवृत डीएसओ शशिनाथ चौबे, पंडित विजय शुक्ला व अनिल सिंह ने किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक संतोष शुक्ला व संचालन शिक्षक रंजन द्विवेदी ने किया। अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडलों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। संतोष शुक्ला ने कहा कि यह विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का बेहतर प्लेटफॉर्म साबित होगा। विज्ञान प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं द्वारा वैज्ञानिक अवधारणाओं, प्रयोगों व परियोजनाओं को प्रस्तुत करने का एक मौका भी उपलब्ध कराता है। बच्चों द्वारा बनाये गये ड्रोन, वोटिंग मशीन, ग्रीन हाउस, वेल्डिंग मशीन, इलेक्ट्रिक बेल, वोल्कानो, वॉटर हिटर, साल्ट, वॉटर सर्किट, एग फ्लोटिंग इन साल्ट वॉटर, वाटर मार्बलिंग, फ्लोटिंग एग, वोल्कानो विच व फ्लोटिन इन नॉरमल वॉटर एंड सिंक हॉट वॉटर मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा।

# इंडोनेशिया में 'एशिया एचीवर्स अवार्ड' से नवाजे गये पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर

### आने वाले वक्त में मील का पत्थर साबित होगा डॉ कौशल का कार्यः इंडोनेशिया चेयरमैन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंडोनेशिया के बाली स्थित आन्या रिसॉर्ट में पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल को 'एशिया एचीवर्स अवार्ड' से नवाजा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर देश ही नहीं, विदेशों में उनके जानने वाले व शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी है। वहीं तीन दिवसीय विदेश यात्रा से लौटने के बाद उनके लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इंडोनेशिया के चेयरमैन आस्था व मंत्री सोमवीर के हाथों उन्हें अवार्ड मिला। वहां के चेयरमैन और मंत्री ने उन्हें अवार्ड देने के बाद कहा कि डॉ जायसवाल द्वारा देश व विदेश में पर्यावरण के क्षेत्र में चलाया जा रहा निःशुल्क अभियान आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा।



उधर, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का उद्घाटन इंडोनेशिया के चेयरमैन आस्था, मंत्री सोमवीर और पर्यावरणविद डॉ कौशल ने संयुक्त रूप से वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को पर्यावरण धर्म के विधान के तहत पौधा समर्पित किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने उन्हें पुनः आने का निमंत्रण भी दिया। कहा कि भारत - इंडोनेशिया दोनों देशों की मित्रता लंबे अरसे से चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगा। मंत्री सोमवीर ने कहा कि वे भारत के हरियाणा से इंडोनेशिया में पढ़ाई कर यहीं अपना राजनीतिक करियर बनाया और आज मंत्री बने। डॉ कौशल को अब तक विदेशों में सातवें और जीवन का 69 वां अवार्ड मिला है। डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को भारत आने का आमंत्रण भी दिया। जिसपर वहां के अतिथियों ने अपनी सहमति प्रदान की। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने इंडोनेशिया में अपने संस्था का विस्तार करते हुए इंडोनेशिया के मारियो को अध्यक्ष मनोनीत किया। पर्यावरण धर्म व निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर 2025 का वनराखी मूवमेंट का शुभारंभ किया। वहीं, विदेश यात्रा से लौटने के बाद शहर के बाईपास रोड स्थित उनके आवास पर्यावरण भवन उन्हें स्वागत करने वालों में उर्मिला देवी, आशा देवी, प्रो अरुण कुमार जायसवाल, संस्था के सचिव अरविंद कुमार, डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, मिठू सिंह, परमानंद मंडल, प्रवीण दुबे, धर्मेंद्र मंडल, पिंकी सिंह, हेमा मंडल, रीना सिंह, रिमझिम सिंह, रितेश कुमार, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, खुशबू जायसवाल, सुमित कुमार, पूर्णिमा कुमारी, अमन कुमार, आराध्या, आशिविका, आद्रिका, अनुषा, संतोष, रामू, छोटू शामिल है।

## भाजपा का सांगठनिक चुनाव तय समय पर ही होगा : नरेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत पलामू भाजपा के जिला सह चुनाव अधिकारी नरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे जोरशोर से शुरू है। इस अभियान के तहत हर बूथ, मंडल, शक्ति केंद्रों और जिलों में सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं। इस अभियान के तहत बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष के बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसके तहत प्रवेक्षक, प्रभारी सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अभियान में सक्रिय तौर पर शामिल होकर भाजपा संगठन को और मजबूत करें। यह अभियान बूथ से लेकर राज्य स्तर तक भाजपा परिवार को और मजबूत बनाएगा। पलामू में हमेशा शशक्त संगठन रहा है और आगे भी रहेगा।

# भाजपा ने पदाधिकारी के चयन के लिए नामित किये कई लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाजपा ने संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर कमेटियों का पुनर्गठन किया। मंगलवार को पर्यटन भवन के सभागार में संगठन के निचले स्तर से क्रमशः बूथ, मंडल एवं जिला तक की समितियों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस संगठनात्मक चुनाव सम्पन्न कराने हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला की एक बैठक आयोजित की गयी। गुमला जिला के सभी मंडलों से आये सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सभी जिला पदाधिकारी एवं जिला में निवास करने वाले प्रदेश स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रदेश संगठन से मुख्य अतिथि सह गुमला जिला चुनाव प्रभारी राकेश भास्कर, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, गढ़वा विधानसभा के विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी बैठक में मौजूद थे। बैठक जिला अध्यक्ष विनय लाल की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह ने किया। गुमला जिला में संगठनात्मक चुनाव संचालन हेतु गुमला जिला सह चुनाव अधिकारी के लिए सविंद्र सिंह एवं भैरों सिंह खेरवार को बनाया गया है। सभी मंडलों के लिए भी चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी के लिए दो नाम तय किये गये है।



गुमला नगर मंडल के लिए चुनाव प्रभारी जगनारायण सिंह, सहप्रभारी दामोदर कसेरा, गुमला ग्रामीण मंडल के लिए विनोद कुमार एवं गायत्री देवी रायडीह मंडल के लिए यशवन्त सिंह एवं योगेंद्र सिंह, चैनपुर मण्डल के लिए गजाधर सिंह एवं नीरज शर्मा, डुमरी मंडल के लिए अवधेश शाहदेव एवं अनिरूद्ध चौधरी, जारी मंडल के लिए मनोहर बड़ाइक एवं जगत प्रसाद, मुरकुंडा मंडल के लिए संजय कुमार साहू एवं संयुक्ता देवी, टोटो मण्डल के लिए रामावतार भगत एवं सुरेश सिंह, घाघरा मंडल के लिए प्रदीप प्रसाद एवं अरुनजय सिंह, आदर मंडल के लिए विपिन बिहारी सिंह एवं गोपाल गोप, विशुनपुर मण्डल के लिए कुमार रवि एवं भिखारी भगत, सिसई मंडल के लिए अनुपचंद्र अधिकारी एवं निरंजन सिंह, भरनो मंडल के लिए लाल मोहन साहू एवं भूषण पाहन अशोक केशरी, पुसो मंडल के लिए अमन यादव एवं ईश्वर महतो, बसिया मंडल के लिए रामअवध साहू एवं विनोद भगत, कामडारा मंडल के लिए विजय सिंह एवं प्रफुल्ल कुमार विश्वाल और पालकोट मण्डल के लिए भूपन साहू एवं सूरजदेव सिंह, गोपाल केशरी को जिम्मेदारियां सौंपी गयी है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह गुमला जिला मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश भास्कर ने कहा कि बीते समय में दोनों चुनाव में अपनी सारी कमियों एवं गलतियों को सुधार कर हमें इस संगठनात्मक लोकतांत्रिक चुनाव में अपना पूर्ण योगदान देकर एक निष्पक्ष सक्षम सुसंगठित संगठन खड़ा करना है तभी हम एक निर्णायक जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बना पायेंगे।

## जारी में डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला




**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को प्रखंड में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। मौके पर जारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश टोप्पो ने कहा कि राहुल गांधी के निदेर्शानुसार पूरे देश में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रति सम्मान मार्च निकालकर देश के प्रति संविधान के रक्षा के प्रति अभियान चला जा रहा है। जिस पर हम लोगों ने जारी प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में सम्मान मार्च निकाले। जिसमें मौके पर मौजूद मंडल अध्यक्ष रिजवान अंसारी , अल्बर्ट तिर्की, तेलेस्फोर टोप्पो, अदीप केरकेट्टा, बिमल तिर्की, अजीत केरकेट्टा, अल्बन तिर्की, आदि शामिल थे।

## सड़क किनारे बना नाले का टूटा स्लैब दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा से लोहरदगा जाने वाली नेशनल हाईवे सड़क में घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के पास सड़क किनारे बने नाले का स्लैब टूटने से दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। विजय साहू कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा करोड़ों रुपये के लागत से घाघरा से कुडू तक नेशनल हाईवे को मरम्मत किया गया एवं नाली व स्लैब बनाने का काम किया गया, लेकिन बनने के कुछ महीने भी नहीं बीते हैं और स्लैब टूटना शुरू कर गया है। नेशनल हाइवे में कई टन वजन लेकर चलने वाले माल वाहक से लेकर कई बड़े वाहन चलाते हैं, नाली के ऊपर इतना कमजोर स्लैब बनने से जब भी कोई वाहन का पहिया उस पर जाता है स्लैब व नाली टूट कर धंस जाता है और दुर्घटना हो जाती है। कई बार बड़े वाहन स्लैब टूटने के कारण पलटते पलटते बच गया है, जिससे सड़क पर चलने वाले आम लोगों की चपेट में आने की संभावना बढ़ जाती है, ऐसी स्थिति में स्लैब को अगर जल्द ही मरम्मत नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिस वक्त निर्माण कार्य किया जा रहा था कई बार अखबारों में भी खबर छपी और यहां के स्थानीय लोगों ने घटिया निर्माण का शिकायत किया लेकिन समय रहते कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण यह घटिया निर्माण कराया गया है।

## बालू घाट से दो ट्रैक्टर और एक लोडर मशीन जब्त



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू उत्खनन व परिवहन को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले सिसई प्रखण्ड में खनन विभाग ने अवैध बालू उत्खनन व परिवहन को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को ओलमुण्डा बालू घाट से दो ट्रेक्टर और एक लोडर मशीन को जप्त किया है। वहीं सुपाली गांव के बांस झुंड के पास से आठ हजार घन फिट अवैध बालू भंडारण बरामद कर जब्त किया है। इस बावत माइनिंग इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने मंगलवार को जब्त दोनो ट्रेक्टर,लोडर मशीन के साथ उसके चालक व मालिक पर केस दर्ज कराया है,साथ ही सुपाली में अवैध भंडारण को लेकर नागफेनी गांव निवासी जगन उरांव व भंडारण किए गए जमीन के रैयत पर भी खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माइनिंग इंस्पेक्टर नीरज कुमार व थानेदार सन्तोष कुमार यादव ने अहले सुबह टीम बनाकर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों पर औचक छापेमारी के लिए निकले थे। ओलमुंडा कोयल नदी घाट पर पहुंचने पर उन्होंने नदी में दो ट्रेक्टर व एक लोडर को बालू लोड करते पकड़ा और उसे जब्त कर थाने ले आये, जिसके बाद नागफेनी,मुर्गू आदि घाटों पर छापा मारा गया, वहां से अवैध रूप से भंडारण किया बालू बरामद किया गया। पूछताछ में जगन उरांव का नाम सामने आने पर उसके विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## चैंबर ने उपायुक्त से मिल कर शहर की समस्याओं से कराया अवगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल गुमला उपायुक्त से औपचारिक मुलाकात की। गुमला चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों की सूची उपायुक्त को सौंपी गई और चेंबर गुमला प्रशासन के साथ मिलकर कैसे जनहित में काम करता है इससे अवगत कराया गया। उसके बाद गुमला शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, सहसचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, कार्यकारिणी के पंकज खंडेलवाल और अनिकेत कुमार आदि उपस्थित थे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 शुरू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** 4 फरवरी 2025, को गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बहुप्रतीक्षित स्पोर्ट्सफेस्ट 2025 का उद्घाटन सुबह 9:00 बजे कॉलेज के खेल मैदान में भव्यता और उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार की उपस्थिति देखी गयी, जिन्होंने अपने प्रेरक शब्दों, खेल और छात्र विकास के लिए अटूट समर्थन के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

## प्रधानाचार्य सम्मेलन का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और मूल्यों के अनुसार शिक्षित करना है और ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करना है जो राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो और जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके। यह समाज में सामाजिक कुरीतियों, शोषण, और अन्याय से लड़ने वाले लोगों का समर्थन करती है। इस कड़ी को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष प्रधानाचार्य सम्मेलन आयोजन करती है। इस वर्ष विद्या भारती झारखंड माता अंजन की धरती गुमला को इस महत्वपूर्ण कार्य को करने की जिम्मेदारी सौंपी है। जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में 5 से 8 फरवरी 2025 तक आयोजित है।

## घाघरा से मवेशी तस्कर गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने मवेशी तस्कर लोहरदगा बगरू रोड निवासी तनवीर आलम को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि पिछले 26 मई 2024 को आदर चेक नाका के पास से एक मवेशी लदा वाहन को जप्त किया गया था। हालांकि उस वक्त चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया था। जिसके बाद बीते सोमवार की रात्रि उसे उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तनवीर ने यह भी बताया कि वह चालक के साथ-साथ वाहन का मालिक भी है।

## 8 को गुमला आयेंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग और नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन शनिवार यानी 8 फरवरी को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

## पीएलएफआइ के खबरी को पुलिस ने पकड़ा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पीएलएफआइ के लिए मुखबिरी करने वाले अजित कोंगाड़ी नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया। अजित कोंगाड़ी के बारे में पुलिस ने बताया कि अजीत की उम्र 26 वर्ष है। उसके पिता का नाम महतो कोंगाड़ी है। वह ग्राम तोकेन, गरई, गोवर टोली, थाना रनियां, जिला खुंटी का रहने वाला है। वह अपने मामा के घर कामडारा थाना अंर्तगत ग्राम चटकपुर में रहता है। वर्ष 2017 में अपनी प्रेमिका रायकेरा, टगराटोली निवासी सूरजमनी तोपनो के साथ परिवार वालों की सहमति से विवाह हुआ था। अजित कोंगाड़ी पीएलएफआइ के लिए खबरी का काम करता था। जिस कारण दोनों के बीच अनबन होना लगा तो डर से इसकी पत्नी इसे छोड़कर काम करने के लिए बाहर चली गयी। सम्पर्क करने का प्रयास किया परन्तु पत्नी ने मोबाइल नंबर बदल लिया। जनवरी 2024 में मामा गाँव के ही कोडया तोपनो जो रिश्ते में मेरा भाई लगता है से मिल कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ से जुड गया और संगठन में मार्टिन केरकेट्टा, अमृत होरो उर्फ मेचो, दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी एवं अन्य सदस्यों के साथ मिलकर दरता में शामिल हो गया। इसी बीच माह मई 2024 में पुनः पत्नी को घर वापस लाने के लिए रात में अपने ससुराल गया तो ससुराल वाले डाटकर इन्हें भगा दिया तो ये अपने पास रखे देशी कट्टा से छह राउंड गोली चलाया जिसमें इनकी सास लीची मुंडाइन और कमल आईद घायल हुए थे। सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि अजित कोंगाड़ी कोण्डेकेरा जंगल की ओर से पोकला की तरफ जाते देखा गया है। वरीय पदाधिकारी को सूचित कर छापेमारी दल के साथ छापेमारी कर अजित कोंगाड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## कुकुर सेप्टा के मजदूर की गोवा में सड़क दुर्घटना में मौत, शव वापसी की लगायी गुहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के नवागढ़ पंचायत स्थित कुकुर सेप्टा गांव निवासी 27 वर्षीय मजदूर तुलसी सिंह गोवा में एक कंपनी में काम करता था। इसी बीच सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गयी। उसके शव को मडगांव के एक अस्पताल में रखा गया है। परिजन गरीबी के कारण शव को गुमला लाने में असमर्थ हैं। मृतक के भाई घनश्याम सिंह ने मंगलवार की सुबह 9 बजे बताया आर्थिक रूप से कमजोर और गरीबी के कारण शव को गुमला लाने में असमर्थ हैं। जिला प्रशासन से शव को गुमला लाने की गुहार लगायी है। प्रशासन अगर मदद करती तो शव को गुमला लाया जा सकता है।


स्वच्छ रामगढ़।
सुन्दर रामगढ़।।

आपकी भागीदारी
हमारी जिम्मेदारी।।

### कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।

रामगढ़, झारखण्ड–825101

दूरभाष नं०:– 6553-295014ई.esy%&nagarparishadramgarh@gmail.com
वेबसाईट :–http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx

### आम सूचना

रामगढ़ नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत सभी विज्ञापनदाताओं/ विज्ञापन एजेंसियों एवं किसी स्थान पर विज्ञापन प्रदर्शन को इच्छुक व्यक्तिओं /संस्थाओं को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation 2017 (JLBAR -2017) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी भी प्रकार के विज्ञापन हेतु Outdoor Media Device (OMD) अधिष्ठापन के निमित संबंधित विज्ञापनदाता यथा व्यक्ति/संस्था/एजेंसी का नगर परिषद् अंतर्गत निबंधन अनिवार्य है। रामगढ़ नगर परिषद् कार्यालय द्वारा विज्ञापनदाता/एजेंसी के निबंधन हेतु निम्न तालिका अनुसार निबंधन शुल्क एवं समयावधि निर्धारित की गई है:–

| क्र० सं० | विवरणी | निबंधन शुल्क (रू० में) | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी /सार्वजनिक भूमि पर अवस्थित विज्ञापन पट्ट/माध्यम (OMD) | 10,000.00 (प्रति वर्ष) | 5 वर्ष हेतु |
| 2 | निजी भूमि/ सम्पति पर अवस्थित विज्ञापन पट्ट/माध्यम (OMD) | 2,000.00 (प्रति वर्ष) | 5 वर्ष हेतु |

- JLBAR - 2017 के प्रावधानानुसार निबंधन की तिथि से अगले 5 वर्ष तक संबंधित व्यक्ति/संस्था/एजेंसी का निबंधन वैध रहेगा। इस आलोक में पूरे पांच वर्षो का निबंधन शुल्क विज्ञापनदाता व्यक्ति/संस्था/एजेंसी द्वारा नगर परिषद को एकमुश्त/वार्षिक देय होगा।
- **निबंधन की प्रकिया :–**
  1. विज्ञापन हेतु निबंधन कराने वाले व्यक्ति/संस्था/एजेंसी को JLBAR - 2017 के प्रावधानों के आलोक में Annexure 1 (अनुलग्नक –1) में आवेदन सभी दस्तावेजों की स्वंय अभिप्रमाणित प्रति सहित रामगढ़ नगर परिषद् कार्यालय में जमा कराना होगा।
  2. निबंधन हेतु आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर नियमानुसार निबंधन की प्रकिया पूर्ण करते हुए अर्हताधारी को Annexure 2 (अनुलग्नक –2) अंतर्गत अनुमोदन प्रदान करते हुए निबंधन संख्या आंवटित की जाएगी।
  3. विज्ञापन कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था/एजेंसी आवेदन प्रपत्र Annexure 1 (अनुलग्नक –1) नगर परिषद् कार्यालय से अथवा विभागीय website udhd.jharkhand.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।
- विज्ञापन हेतु विज्ञापन पट्ट/माध्यम (OMD) के अधिष्ठापन की प्रक्रिया :–
  1. केवल रामगढ़ नगर परिषद् अंतर्गत निबंधित व्यक्ति/संस्था/एजेंसी ही OMD का अधिष्ठापन करते हुए JLBAR - 2017 अंतर्गत Annexure 5 (अनुलग्नक –5) में उल्लेखित विभिन्न विज्ञापन माध्यमों (Typology) से विज्ञापन प्रदर्शन कर सकते है।
  2. विज्ञापन प्रदर्शन हेतु विज्ञापन पटट् / होर्डिंग/ बिल बोर्ड /मोनोपोल इत्यादि (OMD) के अधिष्ठापन हेतु संबंधित विज्ञापन एजेंसी द्वारा Annexure 3 (अनुलग्नक –3) के माध्यम से नगर परिषद् कार्यालय को आवेदन समर्पित किये जाऐगें।
  3. JLBAR - 2017 के प्रावधानानुसार Annexure 3 (अनुलग्नक –3) अंतर्गत OMD के स्थल की विस्तृत विवरणी यथा मापी, Locality Plan, GPS Photographs अन्य इमारतों/ सड़को से दुरी, Structural Engineer द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की प्रति समर्पित करना अनिवार्य है।
  4. Annexure 3 (अनुलग्नक –3) के साथ नगर परिषद् के सक्षम प्राधिकार द्वारा तय अनुज्ञप्ति शुल्क (License Fee) (non refundable and non-adjustable in any manner) समर्पित करना अनिवार्य है।
  5. अनुज्ञप्ति शुल्क (License Fee) की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक/ Scheduled Bank द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी, रामगढ़ नगर परिषद् (Executive Officer, Ramgarh Nagar Parishad) को देय होगी।
  6. विज्ञापन कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था/एजेंसी नगर परिषद् कार्यालय से आवेदन प्रपत्र Annexure 3 (अनुलग्नक –3) एवं विभिन्न विज्ञापन माध्यमों की विस्तृत सूची (Typology Description) Annexure 5 (अनुलग्नक –5) प्राप्त कर सकते है अथवा विभागीय website udhd.jharkhand.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

  7. रामगढ़ नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न विज्ञापन माध्यमों (OMD/Typology) हेतु प्रक्षेत्र (Zone) अनुसार नगर निकाय क्षेत्र का वर्गीकरण करते हुए निम्न तालिका अनुसार विज्ञापन अनुज्ञप्ति शुल्क (Advertisment License Fee) की दरों के अनुसार राशि देय होगी–

Table 1: Vicinity based classification of Ramgarh Nagar Parishad

**Advertisement Zone Distribution Ramgarh Nagar Parishad**

| Sl.no | Zone | Zone Description | Zone Coverage | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A | Developed and High Populat ion / commercial Density Zone | 1. रांची रोड से सांडी राष्ट्रिय राज्य मार्ग NH–23 के आस–पास मुख्य–मार्ग दोनों ओर ।<br>2. मनुआ रोड से सिरका राष्ट्रिय राज्य मार्ग NH–23 के आस–पास मुख्य–मार्ग दोनों ओर ।<br>3. कोठार रोड से छत्तरमांडू राष्ट्रिय राज्य मार्ग NH–23 के आस–पास मुख्य–मार्ग दोनों ओर ।<br>4. बरकाकाना रोड से बनगड्डा रेलवे लेन राष्ट्रिय राज्य मार्ग NH–23 के आस–पास मुख्य–मार्ग दोनों ओर ।<br>5. नायक टोला से कॉलेज गेट तक एक तरफ NH–23.<br>6. टायर मोड़ रोड से पटेल चौक राष्ट्रिय राज्य NH–23 के आस–पास मुख्य–मार्ग दोनों ओर ।<br>7. पटेल चौक से कैथा फोर लेन NH–23 मार्ग से सांडी सरना चौक दोनों ओर होते हुए। | |
| 2 | B | Developing Commercial Zone | 1. टूटी झरना रोड से होते हुए शिव मंदिर PWD रोड।<br>2. सांडी रोड होते हुए तिलैया सांडी PWD रोड काटी फेक्टरी, कुम्हार टोला।<br>3. कैथा चौक रोड से S.T Thomas School PWD रोड से हुहुवा रोड।<br>4. बरकाकाना रोड से रेलवे स्टेशन रोड।<br>5. बोंगाबार रोड से हार्ड कोल फेक्टरी होते हुए NH-33 तक।<br>6. सेवटा रोड से अन्दर तालाब तक।<br>7. मरार रोड से C.N कॉलेज रोड तक। | |
| 3 | C | Mixed use Developing/ Residential Area zone | 1. कोठार चौक होते हुए रविदास टोला तक ।<br>2. जेल मोड़ से कुरूम रोड तक ।<br>3. छत्तरमांडू दुर्गा मंदिर रोड के अन्दर पंचायत भवन रोड तक ।<br>4. दिगवार रोड होते हुए मुस्लिम टोला पंचायत भवन तक ।<br>5. मनुवा रोड अन्दर होते हुए मुस्लिम टोला तक ।<br>6. बरकाकाना रोड अन्दर होते हुए C.I.C बस्ती अन्दर SVD स्कूल तक ।<br>7. हेहल अन्दर बस्ती ।<br>8. पैकी रोड अन्दर होते हुए पूरा बस्ती ।<br>9. अन्य सभी स्थल । | |

8. रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विज्ञापन हेतु उपयुक्तता के संदर्भ में उपरोक्त तालिका अनुरूप वर्गीकरण के अनुसार निम्न सूत्र (Formula) के अनुरूप विज्ञापन अनुज्ञप्ति शुल्क (Advertisement license fee) देय होगा–

* **Total License Fee Per Annum= Area of Advertisement Device (OMD) X (Base License fee X All applicable premiums Factors) + Ground Rent (In case of Advertisement Devices on Public Land/ Property)**

* ***Licence fee shall be charged as per day/week/year according to need / requirement and revenue augmentation.***

❖ उपरोक्त सूत्र (Formula) के अनुसार गणना हेतु निम्नलिखित गुणक (Premium Factor) का उपयोग विज्ञापन अनुज्ञप्ति शुल्क के निर्धारण के निमित किया जाएगा:

**Premiums:** - Ramgarh Nagar Parishad areas shall be classified among zone and road. Various premiums factors are given below.

- **one Premium:-**

| SN | Zone | Premium Factor |
|---|---|---|
| 1 | Zone-A | 1.25 |
| 2 | Zone-B | 1 |
| 3 | Zone-C | 0.85 |

- **Road Premium: -**

| SN | Type of Road | Premium Factor |
|---|---|---|
| 1 | Main Road (40 feet and above) | 1.5 |
| 2 | Other Road (less than 40 feet) | 1.25 |

- **Illumination Premiums:- Illumination Premiums is as below**

| SN | Type of Illumination | Premium Factor |
|---|---|---|
| 1 | Non-Illumination | 1 |
| 2 | Front, Bottom or Backlit | 1.25 |
| 3 | Electronic, LED or Digital Display | 1.5 |

❖ **Ground Rent (Only Applicable on ULB's/ Public Property and Land): -** 0.15% of the circle rate of such land on which the advertisement device is situated shall be charged.

9. रामगढ़ नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत निम्न तालिका अनुरूप विज्ञापन प्रदर्शन हेतु आधारभूत अनुज्ञप्ति शुल्क (Base License fee) की दरें अधिसूचित की जाती हैं:

**BASE LICENCE FEE RATES FOR RAMGARH NAGAR PARISHAD**

| Typology | Typology Description | Rate | Remarks |
|---|---|---|---|
| A. | **Typology A; OMDs on public Transport services/street furniture** | | |
| A1 | Bus and Intermediate Public Transport (IPT) shelters | 40 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| A2 | Bus IPT route markers | 30 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| A3 | Foot Over Bridges, toilet blocks and urinals | 30 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| A4 | Cycle station | 20 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| A5 | Police booth, parking both telephone booth, pre-paid taxi booth, bus/rail booking Information booth, drinking water facility, vending kiosks, pole kiosks, kiosks outside colonies to facilitate directions/payment of bills etc. | 25 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| A6 | Sitting bench, garbage bins | 25 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| B. | **Typology B: Advertising-OMDs on public transport system** | | |
| B1 | Metro/MRTS | 50 Rs/ Sq.Ft. Per Year | - |
| B2 | Traffic Barricading | 07 Rs/ Sq.Ft. Per Day | Maximum premium factor as per Zone/ Road/Illumination, etc. shall be applied. |
| B3 | Public transport vehicle | 10 Rs/ Sq.Ft. Per Day | Maximum premium factor as per Zone/ Road/Illumination, etc. shall be applied. |
| C. | **Typology C: OMDs on commercial advertising structures on public land** | | |
| C1 | Billboards/ Hoardings on Public Land | 40 Rs./Sq. ft.Per Year | -- |
| C2 | Unipole, Monopole, Overhead arches on public land | 90 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| C3 | Pole Kiosk, Lollipop on public land | 40 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| D | **Typology D: OMDs on commercial advertising structures on private land** | | |
| D1 | Billboards, building boards, wall wraps on Private Land/Building | 40 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| D2 | Unipoles, Monopoles, Overhead arches on Private Land/Building | 90 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| D3 | Pole Kiosk, Lollipop on Private land/Building | 40 Rs./Sq. ft.Per Year | - |
| E | **Typology E: events** | | |
| E1 | Temporary events | 500 Rs. Per Day per advertisement or Rs. 5 Rs. /Sq. Ft. Per Day whichever is higher. | Temporary events will includes the following: a. Fairb. Festc. circusd. Welcome gates e. Religious Congregationf. Rallyg. Others |
| F | **Typology F: landscape advertising** | | |
| F1 | Tree guards | 25 Rs./Sq. ft.Per Year | |
| G | **Typology G: shop signage** | | |
| G1 | Self-Advertising | 10 Rs./Sq. ft.Per Year | ❖ If self-advertiser is not adhering to the standards specified under section 10 of Jharkhand local bodies advertisements regulation 2017, this licence fee shall be charged over and above any other fine/fees lawfully charged on self-advertiser under the sections of Jharkhand Municipal Act- 2011.<br>❖ Self-advertiser must place the advertisement (OMDs) related to his/her trade/business/profession up to 2 hoardings with a maximum height up to 4 feet and width shall not exceed the width of shop/establishment facing the principal main road. |
| H | **Typology H: Innovative advertising** | | |
| H1 | Innovative advertising including Trailer advertising, Bicycle, auto rickshaw, handcart or any vehicle | 10 Rs/ Sq.Ft. Per Day | Maximum premium factor as per Zone/ Road/Illumination, etc. shall be applied. |
| I | **Typology I: cinema advertising** | | |
| I1 | In-cinema on screen advertising including slides and advertisement films (Moving advertisements) | 30 Rs/ Sq.ft. Per Year or Rs. 5,000 per screen Per year whichever is higher. | - |
| J | **Typology J: inside commercial buildings and public buildings** | | |
| J1 | Inside commercial building and public buildings | 15 Rs./Sq. ft.Per Year | - |

10. उपरोक्त वर्णित आधारभूत अनुज्ञप्ति शुल्क (Base License fee) की दरों के अनुसार पूर्व उल्लेखित सूत्र (Formula) एवं विहित प्रकिया के अनुरूप पूरे नगर निकाय क्षेत्र में विज्ञापन प्रदर्शन से संबंधित सभी कार्य निष्पादित किये जाएंगे।
11. इस संबंध में पूर्व से अधिसूचित विज्ञापन दरों को इस हद तक संशोधित समझा जाए।
12. भविष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार अथवा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में बनाये गये नियम/विनियम एवं दिये गये निर्देशो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
13. यदि विज्ञापन हेतु किसी सार्वजनिक स्थल पर एक से अधिक निबंधित विज्ञापनदाता व्यक्ति/संस्था/एजेंसी द्वारा विज्ञापन प्रदर्शन हेतु प्रस्ताव समर्पित किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में राजस्व हित में निविदा आमंत्रण/डाक बंदोबस्ती करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
14. उपरोक्त निर्देशो का अनुपालन नहीं किये जाने की स्थिति में संबंधित विज्ञापनदाता व्यक्ति/संस्था के विरूद्व झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation 2017 (JLBAR - 2017) की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
15. उपरोक्त सभी प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू किये जाते हैं।

PR 345747 (District) 24-25 (D)

प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़।

# श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा, श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

## धार्मिक उल्लास से गूंज उठा चिटाही धाम, धनबाद सांसद और बाघमारा विधायक पत्नियों के साथ सिर पर कलश लेकर पहुंचे यज्ञ स्थल

आजाद सिपाही संवाददाता







**महुदा।** तेलमच्चो के दामोदर नदी तट पर मंगलवार से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसका शुभारंभ सुबह हुआ। इसमें हजारों रामभक्त श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा महुदा मोड़ से शुरू होकर पिपराटांड़, नावागढ़, महेशपुर होते हुए चिटाहीधाम की ओर रवाना हुई। रास्ते में दर्जनों तोरण द्वार लगाए गए थे और चारों ओर के इलाके भगवा झंडों से पटा हुआ था। इस दौरान श्रद्धालु श्रीराम के जयकारों के साथ नाचते-झूमते टल रहे थे। इस दौरान हैलीकॉप्टर से रामभक्तों पर पुष्प वर्षा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। दूसरी ओर, महायज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो, उनकी पत्नी सावित्री देवी, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और उनकी पत्नी डोली देवी शामिल हुए। इस अवसर पर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद कालीचरण सिंह, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिप सदस्य आशा देवी, चंद्रशेखर महथा, प्रखंड अध्यक्ष राजू शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, रोहित लाल सिंह, परिंदा सिंह, खुशवंत देवा सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांसद एवं विधायक ने अपनी पत्नियों के साथ नदी तट से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अपने कलशों में पवित्र जल भरा और कलश को सिर पर रखकर हजारों श्रद्धालुओं के साथ यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान विभिन्न प्रदेशों की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। इससे पूरे बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में समृद्ध धार्मिक वातावरण बना और हजारों लोग इस पवित्र यात्रा का हिस्सा बने।

### भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम

कलश यात्रा के दौरान घोड़ों से सुसज्जित बग्गियों में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां श्रद्धालुओं के बीच श्रद्धा और उल्लास उत्पन्न कर रही थी। साथ ही, देश, विशेषकर झारखंड की सांस्कृतिक झांकियां भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। चिटाही धाम से लेकर तेलमच्चो दामोदर नदी तट तक का पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। 'जय श्री राम', 'जय बजरंग बली', 'हर हर महादेव', और 'हर हर गंग' जैसे गगनभेदी जयकारों से वातावरण पूर्णतः भक्तिरस में डूबा रहा। कलश यात्रा के साथ ऊंट और घोड़ों पर सजी झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# धनबाद पहुंचे सीएम का डीसी ने किया स्वागत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने धनबाद पहुंचे। जहां बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को बरवाअड्डा हवाईअड्डा पर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं, मुख्यमंत्री के वापस रांची प्रस्थान करने से पहले बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर डीडीसी सादात अनवर, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा सिन्हा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएफओ विकास पालीवाल, डीसीएलआर दिलीप कुमार महतो, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती आदि मौजूद रहे।

## झारखंडवासियों के विकास के लिए हेंमत सरकार कटिबद्ध : मिथिलेश ठाकुर

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो के पूर्व पार्षद सह विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर, राज्य के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से बोकारो में शिष्टाचार मुलाकात की। उनसे अनुरोध किया कि झारखंड में विस्थापित कानून बनायें और स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत नौकरियों की व्यवस्था करें। इस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड एवं झारखंडियों के विकास के लिए हेंमत सरकार कटिबद्ध हैं।

# हेमंत सरकार में बिना चढ़ावा के नहीं होता कोई काम : बाबूलाल

## बोकारो पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य की वर्तमान सरकार को फिर घेरा

**कहा- तय समय पर ही पार्टी के अधिकारियों का होगा चुनाव**

आजाद सिपाही संवाददाता


बोकारो के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातें करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मंगलवार को बोकारो पहुंचे। वहां सर्किट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार के खिलाफ खूब हमला बोला। कहा कि इस सरकार में भष्ट्राचार चरम पर है, जिससे आम जनता परेशान है। हत्या, बलात्कार और लूट की घटनाएं लगातार हो रही है। उग्रवाद भी पनपे लगा है। जबकि भाजपा सरकार में उग्रवाद लगभग समाप्त हो गया था। कहा कि राज्य की इस गठबंधन सरकार में बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं होता। सरकार को विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता नहीं है। अब तक नौकरी बेचने में लगी हुई थी। अब छात्रों की भविष्य को भी बेचने पर तुली है। आठ फरवरी से इंटर और मैट्रिक की परीक्षा निश्चित है। इसके बावजूद झारखंड शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का मानोनयन नहीं हुआ है। इस स्थिति में निष्पक्ष परीक्षा की कल्पना करना संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते फिर रहे हैं कि झामुमो ने झारखंड बनाया। लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। धामुमो ने कांग्रेस के हाथों झारखंड आंदोलन को ही बेच दिया था। लालू प्रसाद यादव कहा करते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। फिर भी सत्ता के लिए झारखंड विरोधी तत्वों के साथ समझौता कर लिया गया। इसलिए झामुमो को झारखंड अलग राज्य की बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में लोकपाल, सूचना आयुक्त, महिला आयोग का गठन संपूर्ण रूप से नहीं किया था। अब जब न्यायालय से फटकार मिल रही है, तब विपक्ष की नेता की बहानेबाजी कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि उनकी नीति एवं नियत सही नहीं है। वह नहीं चाहते हैं की झारखंड में संवैधानिक संस्थाएं कम करें। ताकि उन्हें लूट की छूट मिलती रहे। सदन चलाने के लिए विपक्ष के नेता जरूरी नहीं है। बाबूलाल ने कहा कि इस महीने में भाजपा विधायक दल के नेता का नाम तय हो जाएगा। वहीं, सदस्यता अभियान के बाद संगठन का चुनाव भी संपन्न कर लिया जाएगा। बूथ अध्यक्ष से शुरूआत होगी और मंडल, जिला अध्यक्ष के चुनाव के बाद प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कर लिया जाएगा। कहा कि अंचल कार्यालय में छोटे से काम के लिए भी रुपए देने पड़ते हैं। वहीं, दिल्ली चुनाव के संदर्भ में कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। आप-दा की सरकार से देश की राजधानी व दिल्ली की जनता को मुक्ति मिलेगी। वहां डबल इंजन की सरकार बनने पर तेजी से विकास होगा। उन्होंने एक बयान में कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई सिर्फ आदिवासियों ने लड़ा था। लेकिन सच्चाई यह है कि झारखंड के हर नागरिक ने झारखंड अलग राज्य की मांग की थी। इस संघर्ष में अपना योगदान दिया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने आंदोलन के नाम पर लूटने का काम किया था। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष जयदेव राय, पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रोहित लाल सिंह, अंबिका खवास, वीरभद्र प्रसाद सिंह, विशाल गौतम, बैद्यनाथ प्रसाद, विनोद प्रजापति, धनंजय चौबे, शंकर रजक आदि उपस्थित थे।1

## भुगतान सहित कई अन्य मांगों पर सहमति बनने के बाद धरना स्थगित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसंघ) की ओर से 28 जनवरी से बीसीसीएल में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं को लेकर कोयला भवन के समक्ष चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) स्तर पर वार्ता के दौरान साकारात्मक आश्वासन के बाद मंगलवार को स्थगित कर दिया गया। मौके पर रामनाथ गोप, ओमप्रकाश ओझा, इस्माइल मलिक, दयाराम सिंह यादव, रामजन्म पासवान, उस्मान अंसारी, रानी गोस्वामी, उज्जवल कुमार दे, कैलाश पासवान आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
(E -MAIL ID – midloh632@gamail.com)

पत्रांक ............................/ लोहरदगा, दिनांक........................../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक – 49 दिनांक – 29.01.2025 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 MID/LOHARDAGA/F2-19/2024-25 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 345473 ( Lohardaga)24-25*D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 3. | कार्य का नाम | कुडू प्रखण्ड के ग्राम रोचो में रोचो महुआ टोली मुख्य पथ पर जुमरा पुल का मरम्मति कार्य। |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.345735 Lohardaga(24-25):D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**(उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालयः– जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**

**आम–सूचना**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है वित्तीय वर्ष 2024–25 में ''केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर (MIDH)'' राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत नीचे अंकित कार्य अवयव का लाभ हेतु कृषकों का चयन एवं अनुमोदन किया गया है जिसकी सूचना कार्यालय कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि में दिनांक 15.02.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

| क0सं0 | कार्य अवयव | सामग्री का नाम | योजना अनुदान की राशी ( प्रति हे0/प्रति मी0/ प्रति यूनिट) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Plastick Mulching | Plastick Mulching | 16000.00 Per Hectare |
| 2 | Anti Bird/Anti Hail Nes | Anti Bird/Anti Hail Nes | 17=50 Per Mtr |
| 3 | Organic Farming Vermi Compost Units/ Ogranic input Production. (HDPE Vermibed) | HDPE Made Portable Vermi Bed (12'x4'x2') = 96 Cft B.I.S Standard (I.S 15907:2010) Wth Vermi Bed Shadow Cover. | 8000.00 Per Unit |

नोटः– संबंधित कार्य अवयव के तहत चयनित लाभूक खुद सामग्री क्य कर भाउचर एवं जी0ओ0 टैगिग फोटोग्राफ, बैंक खाता विवरणी एवं आधार की प्रति दिनांक 15.03.2025 तक जिला उद्यान कार्यालय, गुमला में जमा करेगें। फलस्वरूप भौतिक जांचोपरांत नियमानुसार लाभूकों के खाता में DBT के माध्यम से अनुदान की राशि हस्तांतरित किया जाएगा।

PR 345693 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गुमला


# विश्व कैंसर दिवस पर असर्फी कैंसर संस्थान ने लोगों को किया जागरूक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व कैंसर दिवस पर धनबाद के भूली के रंगुनी रोड़ स्थित असर्फी कैंसर संस्थान में मंगलवार को प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें वैसे मरीज जो कैंसर को मात देकर समान्य जीवन में लौट आये उन्हें विशेष रूप से बुलाया गया था। जिन्होंने बताया कि उनके लिए कैंसर की लड़ाई एक मानसिक और शारीरिक चुनौती थी, लेकिन सही उपचार, डॉक्टरों का सहयोग और परिवार के समर्थन ने इस कठिन समय में मदद की। वहीं असर्फी कैंसर संस्थान को धन्यवाद दिया जिन्होनें कैंसर पीड़ीत मरीजों के लिए सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क ईलाज किया। इस अवसर पर प्रमुख मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ रमेश कुमार ने कैंसर के जोखिम, उपचार के विकल्प और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। बताया कि कैंसर एक जटिल और गंभीर रोग है, लेकिन यदि समय रहते पहचान लिया जाए तो इसे नियंत्रित किया जा सकता है। यह भी बताया कि कैंसर का प्रमुख कारण अनुवांशिकता, अस्वस्थ जीवनशैली, धूम्रपान, शराब का सेवन, असंतुलित आहार और प्रदूषण हो सकते हैं। असर्फी कैंसर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेंन्द्र सिंह ने कहा कि हमलोग कैंसर बीमारी के रोकथाम व पहचान के लिए लगातार स्वास्थ्य व कैंसर स्क्रीनिंग शिविर लगा रहे है। अभी यह शिविर धनबाद एवं बोकारो जिले में लगा रहे है। जल्द ही गिरिडीह एवं जामताड़ा जिलों में भी शिविर लगाये जायेंगें। अगर मरीज को कैंसर या अन्य गंभीर बीमारी का पता चलता है तो उनका ईलाज आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत निःशुल्क कराये जा रहा है। अभी तक असर्फी कैंसर संस्थान में लगभग 5000 मरीजों को सरकार के विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क ईलाज करा चुकी है। वहीं, समाजसेवी डॉ एससी प्रसाद ने कहा कि असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कैंसर अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना किया गया जिसमें हमलोग कैंसर और नार्मल टिशू को संरक्षित कर रहे द्व कैंसर रोग का आण्विक स्तर पर तुलनात्मक ट्रांसकृप्टोमिक अध्ययन कर रहे है। जिससे आने वाले समय में कैंसर रोग के ईलाज व रोकथाम में यह अनुसंधान कारगर सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान के विशेषज्ञ डॉ रमेश कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ श्रनव झा, डॉ मोनिका गुप्ता, डा एससी प्रसाद, डॉ स्मिता कुमारी, प्रेसिडेंट शुधांशु रॉय, सेंटर हेड हेमंती गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी मनिष मिश्रा, अमन कुमार, निलेश तिवारी, दीपक कुमार और राहूल कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआइ के विरोध में एआइआइइए का प्रदर्शन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गत दिनों आम बजट पेश करने के दौरान बीमा क्षेत्र में एफडीआइ की सीमा को 74 से बढ़ाकर 100 फीसदी किये जाने के फैसले के विरोध में मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। देश के अन्य हिस्सों के साथ ही धनबाद जिले के शाखा 1,2,3,4, गोविंदपुर एसएस सेल भारतीय जीवन बीमा निगम के दफ्तर के समक्ष अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआइआइइए) के आह्वान पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री का बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआइ का निर्णय अनुचित है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए बहुमूल्य संसाधनों को जुटाने और नागरिकों के प्रति राज्य के दायित्व को पूरा करने के लिए इसके गंभीर परिणाम होंगे। कहा कि विदेशी पूंजी कभी भी घरेलू बचत का विकल्प नहीं हो सकता है। इस मामले में, घरेलू बचत को विदेशी पूंजी को सौंपना कोई आर्थिक या सामाजिक अर्थ नहीं रखता। एआइआइइए बीमा में एफडीआइ सीमा बढ़ाने के फैसले का कड़ा विरोध करते हुए इस कदम को वापस लेने की मांग करता है।

# दिवंगत पत्रकार अजय तिवारी की पत्नी ने किया अंग दान

## फिल्म हीरो नहीं, रक्त वीरों के साथ खिंचायें फोटो : सैनी

**रक्तदान शिविर आयोजित कर पत्रकार को दी गयी श्रद्धांजलि**



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सहयोग फाऊंडेशन की ओर से मंगलवार को धैया के आमंत्रण हॉल में कार्यक्रम आयोजित कर दिवंगत पत्रकार अजय तिवारी को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान रक्तदान और स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में कैप्टन डॉक्टर सुरेश कुमार सैनी शामिल हुए, जिन्होंने रक्तदान के लिए गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। वे अब तक 248 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने शिविर का उद्घाटन किया। इस असर पर कैप्टन सैनी ने कहा कि रक्तदान शिविर में लोगों की संख्या कम देख दुःख हो रहा है। कहा कि लोग फिल्मी सितारों के साथ सेल्फी-फोटो खूब खिंचवाते है पर रियल हीरो के साथ लोग फोटो नहीं खिंचवाते है। हकीकत में सच्चे हीरो तो हमारे रक्तदाता होते है। वहीं, फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी ने बतया कि उनके पति पत्रकार अजय कुमार तिवारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिन्हें रक्तदान शिविर लगाकर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने बताया कि पति की मौत के बाद पूरी तरह से टूट चुकी हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल से ही अपने पूरे अंग को जरूरतमंद के लिए दान करने की घोषणा की। मौके पर डॉ मेहता, दीप माला मेहता, प्रीति राय, रितु गुप्ता, उमा भट्टाचार्य, रिंकू, रंजना सिंह, अर्चना सिंह, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, दिनेश पांडेय, मनीष, खुशबू, मालवीय, गीता, पप्पू सिंह, रागनी, आशा, ओम कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।


**कार्यालयः– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल, गुमला**
E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

**आम निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला वन प्रमंडल के अन्तर्गत राजसात वाहनों को (जहाँ है जैसा है ) कि स्थिति में दिनांक 15.02.2025 को आपराहन् 12:00 बजे आम निलामी के द्वारा बिक्री की जायेगी। जिसमें निम्नवत् शर्त्ते मान्य होगीः–

1. निलामी से पूर्व कुल रू0 25000.00(पचीस हजार ) अग्रधन की राशि के रूप में जमा करनी होगी। जो निलामी के पश्चात सफल क्रेता के प्रतिभूति राशि में सामंजित कर लिया जाएगा ।शेश क्रेताओं की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. सफल क्रेताओं को क्रय मूल्य के 15 प्रतिशत की राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा तथा शेष राशि स्वीकृति के पश्चात 15 दिनों के अन्दर जमा कर देना होगा ।
3. यदि सफल क्रेता के द्वारा निर्धारित तिथि तक पुर्ण मूल्य जमा नहीं किया जाता है तो जमा प्रतिभूति राशि बिना कारण बताए राजसात कर ली जायेगी
4. डाक बोलने से पूर्व आधार कार्ड तथा पैन कार्ड का फोटो समर्पित करना आवश्यक होगा
5- GST नियमानुसार देय होगा ।
6. देय राशि बैंक ड्राफ्ट के द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल (Divisional Forest Officer, Gumla Forest Division) के पक्ष में जमा करना होगा ।

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है । निलामी किये जाने वाले वाहनों की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0स0 | वाहन का प्रकार | निबन्धन सं0 | वाहन जहाँ अवस्थित है |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | ट्रक | अज्ञात | चैनपुर |
| 2 | ट्रक | CG04Z 6903 | गुमला वन परिसर |
| 3 | ट्रक | OR23B 7562 | गुमला वन परिसर |
| 4 | ट्रक | JHO1AE6074 | गुमला वन परिसर |
| 5 | ट्रक | BR14G8968 | गुमला वन परिसर |
| 6 | ट्रक | JH01T6610 | गुमला वन परिसर |
| 7 | ट्रैक्टर एवं ट्रॉली | अज्ञात | सिसई नर्सरी परिसर |
| 8 | ट्रैक्टर एवं ट्रॉली | अज्ञात | सिसई नर्सरी परिसर |
| 9 | पिकअप | JH01AW3553 | सिसई वन परिसर |
| 10 | ट्रक | CG04DC -6665 | रायडीह वन परिसर |

:– वन है, तो जीवन है –:

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गुमला वन प्रमण्डल, गुमला ।

PR 345685 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)

### केंद्र सरकार की अनुमति के बाद मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

# कटक के श्रीरामचंद्र भंज मेडिकल कॉलेज में 500 बिस्तरों वाला ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जायेगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक के श्रीरामचंद्र भंज मेडिकल कॉलेज ओर अस्पताल में 500 बिस्तरों वाला ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जायेगा। इससे विभिन्न दुर्घटनाओं के पीड़ितों को तत्काल बेहतर इलाज मिल सकेगा। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि यह ट्रॉमा सेंटर केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुधार योजना के तहत कार्यकारी किया जायेगा। इसके लिए केंद्र सरकार 60 फीसदी और राज्य सरकार 40 फीसदी निवेश करेगी। इस ट्रॉमा सेंटर को कटक एससीबी में स्थापित करने के लिए सीएम ने 2 जुलाई 2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिख कर अनुरोध किया था। केंद्र सरकार द्वारा इसे सैद्धांतिक मंजूरी दिये जाने के बाद अब इसे राज्य सरकार की भी मंजूरी मिल गयी है। उसके बाद एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जायेगी और परियोजना स्थापित करने के लिए कदम उठाये जायेंगे।

# नवजात शिशुओं से लेकर 25 साल के युवाओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी : धर्मेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूर्ण बजट पेश किया, जो न केवल विकसित भारत का बजट दशार्ता है, बल्कि एक ऐतिहासिक, भविष्यवादी और दूरदर्शी बजट है। इस बजट से ओड़िशा जैसे राज्यों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। साढ़े चार करोड़ ओड़िया वासियों की ओर से मैं प्रधान मंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं। 2036 में ओड़िशा भाषा के आधार पर स्वतंत्र पदेश बनने के 100 साल पूरे हो जायेंगे। 2047 में हमारे देश की आजादी के 100 साल पूरे हो जायेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए विकसित ओड़िशा और विकसित भारत के लिए बजट तैयार किया गया है। बच्चे के जन्म से लेकर किशोरावस्था तक उच्च अनुसंधान और कौशल विकास तक, इस बजट में विशेष जोर दिया गया है।

बजट से ओड़िशा जैसे राज्य का विकास अपार होगा। बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, वंचितों, पिछड़े वर्गों और दिव्यांग को सशक्त बनायेगा। गांव में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा, शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित किया जायेगा। उद्योग, ऊर्जा, पर्यटन और संबंधित बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को और अधिक गति मिलेगी। सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना, भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, भारतीय भाषा पुस्तक योजना, पीएम रिसर्च फेलोशिप योजना, ज्ञान-भारतम मिशन शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख पहल है। ऐसी प्रणाली से ओड़िशा के एक बड़े हिस्से को लाभ होगा। पीएम धन धान्य कृषि योजना, कपास उत्पादकता मिशन, किसान क्रेडिट पर क्रेडिट सीमा का विस्तार, उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन, सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम, तेल और दालों के उच्च उत्पादन के लिए बजट में किये गये प्रावधानों के अलावा, समुद्री विकास कोष, संशोधित उड़ान योजना, टायर-2 शहरों में वैश्विक क्षमता केंद्रों को बढ़ावा देना, एमएसएमइ, स्टार्ट-अप, उद्योग, महत्वपूर्ण खनिजों के पुनरुद्धार के लिए नीतियां, पर्यटन स्थलों और संबद्ध योजनाओं का विकास ओड़िशा की नई पीढ़ी को एक नयी दिशा देगा।

# साधु-संत के साथ श्रद्धालुओं ने लगायी चंद्रभागा में डुबकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुबह से ही लाखों श्रद्धालु चंद्रभागा पुष्करिणी में डुबकी लगाये हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन चंद्रभागा पुष्करिणी में डुबकी लगाने से सभी पापों से छुटकारा मिल जाता है। माघ सप्तमी के अवसर पर देर रात कोणार्क में पूजा करने वाले त्रिवेणीश्वर, ऐशनेश्वर और श्री दक्षिणेश्वर महादेव तीन विमानों में चंद्रभागा तीर्थ स्थल पर पहुंचे। इस चलती प्रतिमा को पारंपरिक रीति-रिवाजों से साथ पूजार्चना किया गया। सबसे पहले, इस तीर्थस्थल पर पवित्र जल में महास्नान किया गया। इसके पश्चात सभी साधु संत श्रद्धालु डुबकी लगाये। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था किये गये हैं। इस वर्ष लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना को देखते हुए चार एडिशनल एसपी समेत 12 डीएसपी, 122 एएसआइ, 33 प्लाटून फोर्स और 20 लाइफ गार्ड नियुक्त किये गये हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। माघ सप्तमी के अवसर पर आज कोणार्क मंदिर में भक्तों के लिए प्रवेश शुल्क माफ किया गया है।

## हॉकी महाकुंभ 15 फरवरी से कलिंग स्टेडियम में होगा शुरू



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** हॉकी महाकुंभ का आयोजन एक बार फिर ओड़िशा में होने जा रहा है। एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 का आयोजन 15 से 25 फरवरी तक कलिंग स्टेडियम में किया जायेगा। इस मैच को देखने के लिए प्रशंसक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करें टिकटजेनी वेबसाइट पर जायें। फिर अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर करे। फिर आपके द्वारा दिये गये मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी जायेगा। उक्त ओटीपी दर्ज करने के बाद आपका एकाउंट सत्यापित हो जायेगा। इसके बाद आपको अपना पूरा नाम और इमेल पता दर्ज करने के लिए कहा जायेगा। एक बार जब आप इसे जमा कर देंगे, तो आपका पंजीकरण सफल के रूप में चिह्नित किया जायेगा। मुफ्त टिकट कुछ दिनों के भीतर आपके इमेल आइडी पर भेज दिया जायेगा।

## पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने किया बालूगांव-पलासा रेलवे खंड का निरीक्षण



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) के महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फूंकवाल ने सुरक्षा उपायों, यातायात सुविधाओं, यात्री सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास की प्रगति का आकलन करने के लिए बालूगांव-पलासा रेलवे खंड का गहन निरीक्षण किया। यह निरीक्षण रेल सेवाओं को बढ़ाने और यात्री संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए पूर्व तट रेलवे की चल रही प्रतिबद्धता का हिस्सा था। अपनी यात्रा के दौरान, फूंकवाल ने विभिन्न चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की गहन समीक्षा की, विशेष रूप से अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास कार्य पर ध्यान केंद्रित किया। उनके निरीक्षण में सोमपेटा और इछापुरम में पुलों का दौरा भी शामिल था, जहां उन्होंने सुरक्षा उपायों और बुनियादी ढांचे की अखंडता का मूल्यांकन किया। पलासा स्टेशन पर, उन्होंने रेलवे कॉलोनी, कर्मचारियों के लिए रनिंग रूम और रूट रिले इंटरलॉकिंग (आरआरआइ) भवन का निरीक्षण करने का अवसर लिया। इस दौरे के दौरान, उन्होंने रनिंग रूम के कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट रखरखाव और साफ-सफाई के लिए नकद पुरस्कार देकर उनके प्रयासों की सराहना की। अपनी यात्रा के दौरान, फंकवाल ने क्षेत्र में रेल सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव जुटाने के लिए जन प्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों से मुलाकात की निरीक्षण में एचएस बाजवा मंडल रेल प्रबंधक खुर्दा रोड के साथ पूर्व तट रेलवे मुख्यालय और खुर्दा रोड रेलवे मंडल के अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी शामिल थे।







# कैंसर से जूझ रहे बच्चों ने विश्व कैंसर दिवस पर लोगों का बढ़ाया उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** मंगलवार को यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड एसयूएम हॉस्पिटल में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर रोगियों और कैंसर से ठीक हुए लोगों से भरे हॉल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रैंप पर वॉक किया। सभी बच्चे कैंसर रोगी होने के साथ-साथ ल्यूकेमिया से भी जूझ रहे थे, लेकिन मेडिकल छात्रों के साथ मंच पर जब वे आये तो दर्शकों ने उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रख्यात हॉलीवुड स्टार और सामाजिक कार्यकर्ता वर्षा प्रियदर्शिनी ने कहा, आप असली सुपरस्टार और योद्धा हैं। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं आपसे मिल सकी, आपकी मासूम मुस्कान ने मुझे अभिभूत कर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के फैशन शो ने जीवन के बारे में बहुत कुछ सिखाया। इसमें 800 से अधिक कैंसर रोगियों ने भाग लिया, जो या तो उपचार करा रहे थे या जिन्होंने शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) द्वारा संचालित अस्पताल में उपचार के बाद बीमारी को हरा दिया था। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ पुष्पराज सामंतसिंहर ने बीमारी से जूझ रहे रोगियों को आदर्श बताया और बताया कि अस्पताल आंको-सर्जरी, आंको-मेडिसिन और हेमेटोलॉजी विभागों द्वारा आवश्यक सुविधाओं के साथ निदान से लेकर उपचार तक संपूर्ण कैंसर देख-भाल प्रदान कर रहा है। शिक्षण अस्पताल के कार्यवाहक डीन प्रो डॉ सौम्य रंजन दास ने कहा कि भारत में हर साल लगभग 15 से 20 लाख लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं, क्योंकि यह एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा, रोकथाम, शीघ्र पहचान, कुशल उपचार तथा पुनर्वास बीमारी से लड़ने की कुंजी है। एसओए के दंत चिकित्सा संकाय के दंत चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आइडीएस) की प्रोफेसर डॉ नीता मोहंती ने कार्यक्रम को ह्यजीवन का उत्सव बताया और कैंसर से लड़ने में मदद करने वाली नयी नैदानिक तकनीकों की उपलब्धता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कैंसर के पूर्व लक्षणों का जल्द पता लगाया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत कैंसर आदतों और पर्यावरण के कारण होता है। ओन्को मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ सौम्या सुरथ पांडा, प्रख्यात हॉलीवुड पार्श्व गायक अंशुमान नायक और बाल चिकित्सा ओन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ सरोज प्रसाद पांडा ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, इससे हमें कोविड वैक्सीन बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि बीमारी से लड़ने वाले व्यक्ति को कभी यह सवाल नहीं पूछना चाहिए कि जब अन्य लोग स्वस्थ हैं तो उन्हें यह बीमारी क्यों हुई। उन्होंने एथलीट दीपा मलिक का उदाहरण दिया, जो कैंसर से पीड़ित होने के बावजूद 2016 में पैरालिंपिक में शॉटपुट स्पर्धा में रजत पदक जीतने में सफल रहीं।

## सरस्वती प्रतिमा का हुआ भव्य विसर्जन



**डांगरा (आजाद सिपाही)।** डांगरा टोली स्थित कोचिंग संस्थान द ब्लैक बोर्ड में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती का विसर्जन 4 फरवरी दिन मंगलवार को धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने मां सरस्वती का विधि विधान पूर्वक पूजा किया। संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा ने मां सरस्वती से सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात भक्ति भाव के साथ मां की विदाई की गयी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा , बिनय सिंह तथा शिक्षक उदय कुशवाहा, अमरकान्त सिंह, नबियुल, चन्दन, प्रकाश, अफजल साथ ही साथ सेकड़ों की संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## डॉक्टर दंपति की शादी से चोरी के मामले में पुरी से पकड़ा गया आरोपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विवाह मंडप से चोरी की घटना में आरोपी गिरफ्तार। कॉरपोरेट कंपनी के सेवानिवृत्त एचआर सरोज कुमार मिश्र की बेटी संजनिका मिश्र ने झारखंड के चक्रधरपुर के डॉक्टर अभिषेक षड़ंगी से राजधानी के एक सितारा होटल में शादी की। इसी बीच दो चोर मेहमान बनकर आये और डॉक्टर दंपत्ति से ढाई लाख रुपये और सोने के आभूषण चुरा ले गये। चोरी का पूरा नजारा सीसीटीवी में कैद हो गया, लेकिन 15 मिनट के अंदर ही दो चोरों ने घटनास्थल से पैसों और गहनों से भरा बैग उठाया और कार से फरार हो गये । हालांकि, उस व्यक्ति को पुरी बलियापंडा इलाके में एक होटल में चोरी करते समय सुरक्षा गार्ड ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस की जिमा दी। सूचना मिला है कि आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के राजगढ़ के रितेश सिसोदिया के रूप में हुई है।





# गंभीर जटिलताओं के साथ पैदा दो किलोग्राम वजन वाले नवजात का सम में हुआ इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल के डॉक्टरों ने 2 किलोग्राम वजन वाले एक नवजात का सफलतापूर्वक इलाज किया है, जिसे बायें तरफा जन्मजात डायाफ्रामिक हर्निया (सीडीएच) था, जिसे हाल ही में गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। एक अन्य सुविधा में प्रसवपूर्व जांच के दौरान चिकित्सा समस्या का निदान होने के बाद बच्चे को आइएमएस और सम अस्पताल में रेफर किया गया था। नवजात शिशु को नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआइसीयू) में स्थानांतरित करना पड़ा और उसे उन्नत वेंटिलेशन सपोर्ट पर रखा गया और निम्न रक्तचाप और फुफ्फुसीय उच्च रक्तचाप के लिए प्रबंधन की आवश्यकता थी। बच्चे की गंभीर नैदानिक अस्थिरता के कारण प्रारंभिक सर्जिकल अंवेषण नहीं किया जा सका। जन्म के 14वें दिन बच्चे का ऑपरेशन किया गया, जब डायाफ्राम में एक महत्वपूर्ण दोष पाया गया, जो इसके लगभग 75 प्रतिशत हिस्से को कवर करता था एनआइसीयू में 33 दिन बिताने के बाद मरीज को छुट्टी दे दी गयी। एक बहु-विषयक टीम जिसमें नियोनटोलॉजी, बाल चिकित्सा सर्जरी और अन्य सहायक कर्मचारियों के विशेषज्ञ शामिल थे, ने जटिल और महत्वपूर्ण देख-भाल की आवश्यकता वाले बच्चे के ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। नियोनटोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो डॉ देबाशीष नंदा ने डॉ भाभाग्रही मलिक, डॉ विजय कुमार, डॉ रतन कुमार दास, डॉ देबी प्रसाद साहू, डॉ बिनीत पानीग्रही, डॉ भाग्यश्री महापात्रा, डॉ पायल प्रधान, डॉ कल्पिता साहू, डॉ सुरेश त्रिपाठी और डॉ सीतिकंथा नायक की टीम का नेतृत्व किया, जो नवजात की देखभाल में सक्रिय रूप से शामिल थी। डॉ अंतर्यामी प्रधान और डॉ. सुभाष चंद्र सुबुद्धि के नेतृत्व में बाल चिकित्सा सर्जरी टीम ने एनआइसीयू में नवजात के प्रबंधन का मार्गदर्शन किया। टीम को आइएमएस और एसयूएम अस्पताल के डीन प्रो डॉ संघमित्रा मिश्रा और चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ पुष्पराज सामंतसिंहर से भी सहयोग मिला।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**